मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

## बोले नगर विधायक वेद प्रकाश, श्रीराम चिकित्सालय का जीर्णोद्धार जनता को किया समर्पित, सुविधाओं का हुआ विस्तार

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। श्रीराम चिकित्सालय के जीर्णोद्धार से यहां आने वाले मरीजों को अब आधुनिक और सुलभ चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिससे आमजन को निजी अस्पतालों पर निर्भर न रहना पड़े। ये बातें सोमवार को अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहीं। वे रामनगरी श्रीराम चिकित्सालय में किए गए व्यापक जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।



श्रीराम चिकित्सालय में कराए गए जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता, संसाधनों की उपलब्धता और चिकित्सकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे कि हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें।इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी ली।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वी के वर्मा ने बताया कि चिकित्सालय के पुराने इमरजेंसी ब्लॉक, एक्स-रे ब्लॉक और ओल्ड वार्ड का पूर्ण रूप से जीर्णोद्धार कराया गया है। इसमें नई फ्लोरिंग, पार्टीशन, फॉल्स सीलिंग, आधुनिक बेड, एसी और पंखों की व्यवस्था की गई है। साथ ही अस्पताल में 100 से अधिक फुली ऑटोमेटिक फाउलर बेड लगाए गए हैं। आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी, ईएनटी और डेंटल चिकित्सा के लिए उच्च गुणवत्ता के अत्याधुनिक उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। इस मौके पर अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बी के एस चौहान सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



राष्ट्रीय विद्यालयीय सेपक टाकरा में उपविजेता रही उप्र बालिका टीम मेडल के साथ।

### स्कूल नेशनल सेपक टाकरा की उपविजेता बन उप्र टीम ने बढ़ाया मान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** एसजीएफआई के तत्वावधान में तेलांगाना में 24 से 28 अप्रैल तक हुई राष्ट्रीय विद्यालयीय अंडर-14 बालिका सेपक टाकरा प्रतियोगिता में उप्र टीम ने उपविजेता बन प्रदेश का मान बढ़ाया है। उप्र टीम में शामिल रहीं जिले की दो खिलाड़ी गीतांजली व राखी ने शानदार खेल प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उप्र बालिका अंडर-14 सेपक टाकरा टीम की इस उपलब्धि पर प्रदेश के शिक्षा निदेशक महेन्द्र देव, संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेन्द्र कुमार सिंह, शिक्षा निदेशक कैम्प आरपी शर्मा, उप्र सेपक टाकरा संघ के महासचिव सुमिल एस सीरिया, इंडिया कोच बी शर्मा आदि ने खिलाड़ियों व कोच को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया। प्रतियोगिता में रामकुमार, मीना कुमारी व आदित्य टीम कोच रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडलीय समीक्षा बैठक 30 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट अम्बेडकरनगर के सभागार में 21 अप्रैल को प्रस्तावित थी।संयुक्त विकास आयुक्त राजेश कुमार झा ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से बैठक की तिथि एवं स्थान परिवर्तित किया गया है। अब यह समीक्षा बैठक 30 अप्रैल को एक बजे से बजे से आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष अयोध्या में होगी।

### विधायक ने लाभार्थियों में बांटा टूल किट

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला उद्योग केंद्र कार्यालय में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया। कार्यक्रम रविवार शाम आयोजित किया गया। विधायक ने लाभार्थियों व पार्टी के लोगों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। मौजूद लाभार्थियों से संवाद किया। इसके बाद एक जनपद-एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट वितरण किया गया। पार्षदों ने भी टूलकिट का वितरण किया। कार्यक्रम में पार्षद ज्ञान केसरवानी सहित पार्टी के अन्य लोग थे।

### हज यात्रियों को दी विदाई

**रुदौली अयोध्या, अमृत विचार।** सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एहसान मोहम्मद अली उर्फ चौधरी शहरयार ने हज यात्रा पर जा रहे हज यात्रियों को विदाई दी। कहा कि हज पर जाने वाले लोग बेहद खुशकिस्मत होते हैं। ग्राम चंद्रामऊ में हज यात्रा के लिए निकले मो. शरिक, मोहम्मद इद्रीस की विदाई के समय परिजन भावुक हो गए। इस मौके पर नफीस खान, शुऐब खान, परवेज़ अहमद, साजिद अंसारी और पूर्व प्रधान राहत अली मौजूद रहे।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली रुदौली पुलिस ने चौकी किला क्षेत्र मोहल्ला पौशाला में स्थित एक दुकान के गोदाम का रविवार शाम ताला तोड़कर चोरी किए गए सामान को चार घंटे के अंदर बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि जांच कर रहे कोतवाल संजय मौर्या व उनकी टीम ने केस दर्ज करने के बाद सीसीटीवी की मदद से आरोपी की पहचान करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सेवरी थाना रौनाही निवासी हजारी के रूप में हुई। उसके पास चोरी किए गए सामान के साथ एक साइकिल भी बरामद हुई।

### बंद मकान पर चोरों का धावा, सामान उड़ाया

**कुमारगंज/ मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र के कुमारगंज-बंवा रोड संपर्क मार्ग से लगभग 50 मीटर दक्षिण स्थित एक बंद मकान को रविवार रात चोरों ने निशाना बनाया और घर के तीन कमरों में रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक कलीम परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब बंवा निवासी गोद्दन का बेटा मकान के पास पहुंचा। कलीम की बेटी सायमा ने बताया कि हम लोग चार-पांच दिन पहले अपने मामा गोद्दन के घर बंवा आए थे, और कभी-कभी रात में अपने घर आकर सो जाते थे, लेकिन घटना वाली रात वे गांव में ही रुक गए, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। माता-पिता दिल्ली से वापस आ रहे हैं। चोरी में क्या-क्या सामान गया है, इसका सही पता उनके आने के बाद ही चल सकेगा। प्रभारी थाना अध्यक्ष आकिल हुसैन ने बताया कि जांच की जा रही है।तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# फॉर्मा के लिए जमा कराए 2.10 लाख, नहीं कराया दाखिला

## अमर हॉस्पिटल व इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस पर फर्जीवाड़े का आरोप

अयोध्या कार्यालय।

**मामला वर्ष 2020 का, लंबी लड़ाई के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने इंस्टीट्यूट के प्रबंधक व कैशियर के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का केस**

**अमृत विचार :** अमर हॉस्पिटल एवं इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज अमानीगंज में बी-फॉर्मा में दाखिले के नाम पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगा है। मामला वर्ष 2020 में कोविड काल का है। पीड़ित का आरोप है कि उससे तीन वर्षों की फीस 2.10 लाख रुपये वसूले गए, लेकिन आज तक न परीक्षा कराई व न ही पैसे वापस किए जा रहे हैं। आरोप है कि शिकायत पर अप्रैल 2024 को पुलिस ने जांच भी की लेकिन प्रबंध तंत्र द्वारा पुलिस को भी गलत सूचना दी गई। करीब छह वर्षों की लंबी लड़ाई के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अरविंद खरे व कैशियर सुमित यादव के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़ित मझवा बनकट थाना विश्वेसरगंज, बहराइच निवासी सुभाष यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अमर हॉस्पिटल एवं इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज अमानीगंज अयोध्या में सत्र 2020 में बी.फॉर्मा में फ्री सीट पर प्रवेश के लिये संपर्क किया तो इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अरविंद खरे ने बताया कि 70 हजार रुपये प्रति वर्ष के दर से चार वर्ष की फीस 2.80 लाख देनी होगी। इस पर उसने तीन वर्ष की फीस 2.10 लाख रुपये का इंतजाम कर विभिन्न तिथियों पर काउंटर पर बैठे कैशियर सुमित यादव को दिये। इसके बाद उन्हें बताया गया कि उनका दाखिला अमर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में लिया गया है।

काउंटर पर बैठे सुमित यादव ने सात अगस्त 2020 को 70 हजार रुपये की रसीद दी। वर्ष 2020 में कोविड की महामारी के कारण प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा नहीं हुई। बाद में बताया गया तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा व प्रशिक्षण शुल्क के रूप में 1.39 लाख रुपये जमा कर दिये गये हैं। इसके बाद तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा भी कोविड के कारण नहीं हुई। बाद में कार्यालय द्वारा बताया गया कि आपकी तीन वर्षों की फीस जमा है, आप प्रमोट कर दिये गये है। अब आपको अंतिम वर्ष की परीक्षा देनी होगी। इस पर उसने कार्यालय से प्रमोट किये गये वर्षों की मार्कशीट व जमा की गयी फीस की रसीद की मांग की तो कैशियर सुमित यादव के द्वारा मार्कशीट व रसीद नहीं दी गई। साथ ही उन्हें मारपीट कर भगा दिया गया।

### अप्रैल 2024 में पुलिस ने की थी जांच

पीड़ित के अनुसार 9 अप्रैल 2024 को उसने इस फर्जीवाड़े की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या समेत प्रदेश के पुलिस अधिकारियों से की। जिसके बाद मामले की जांच कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक संतोष कुमार मौर्य को दी गई। पुलिस द्वारा जांच रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि कैशियर सुमित यादव ने प्रार्थी सुभाष के दाखिले का पंजीकरण अमर हॉस्पिटल एवं इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में नहीं किया गया। प्रार्थी की फीस के 2.10 लाख रुपये निदेशक व उनके कर्मचारियों ने हड़प लिये। यही नहीं कार्यालय द्वारा पुलिस को बताया गया कि उसका दाखिला सिद्धी विनायक कॉलेज ऑफ फार्मेसी आगरा में करा दिया गया है। जबकि इसकी सूचना सुभाष को नहीं दी गई। बताया कि जब उसने सिद्धी विनायक फार्मेसी कॉलेज से संपर्क किया तो पता चला कि उनका दाखिला उस कॉलेज में नहीं है। इस तरह इंस्टीट्यूट द्वारा पुलिस को फर्जी सूचना दी गयी।



### कॉलेज की मान्यता समाप्त करने की मांग

पीड़ित सुभाष ने आरोप लगाया कि कॉलेज के निदेशक व कर्मचारियों के द्वारा कॉलेज की मान्यता और फ्री सीट पर दाखिले की आड़ में छात्रों से धोखाधडी व जालसाजी करके कॅरिअर बर्बाद किया जा रहा है। मांग की कि ऐसे फ्रॉड करने वाले कॉलेज के खिलाफ जांच कराकर इसका मान्यता समाप्त कराने की कार्रवाई की जाए।

> तहरीर के आधार पर अमर हॉस्पिटल एवं इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज अमानीगंज के निदेशक डॉ. अरविंद खरे व कैशियर सुमित यादव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुरानी जांच रिपोर्ट को खंगाला जा रहा है। मामले की गहन विवेचना की जा रही है। -**अश्विनी पांडेय, नगर कोतवाल।**

# सीएमओ का इन्कार, प्राचार्य का इकरार

अयोध्या कार्यालय।

- **सीएमओ बोले, प्राचार्य छुट्टी पर थे, प्राचार्य बोले, सीएमओ से खूब हुई बात**
- **एसएनसीयू वार्ड में इंचार्ज बदलने के मामले में पटाक्षेप कराने को हुई मीटिंग**

**अमृत विचार :** इस वक्त अलग-अलग मामलों को लेकर सुर्खियों में चल रहे राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एक मजेदार घटनाक्रम सामने आया। एसएनसीयू वार्ड में इंचार्ज बदलने के मामले का पटाक्षेप कराने पहुंचे सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया मीटिंग करने के बावजूद प्राचार्य के साथ मुलाकात से इन्कार करते रहे, जबकि प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने सीएमओ से भेंट और बातचीत होने का इकरार किया। बैठक के बाद दोनों अधिकारियों ने एसएनसीयू मामले में तस्वीर तो स्पष्ट की, लेकिन खुलकर कुछ नहीं बताया।

एसएनसीयू में तैनात नर्सों ने 17 अप्रैल को कार्यवाहक सीएमएस डॉ. बागीश मिश्रा को शिकायती पत्र दिया था। उन्होंने वार्ड इंचार्ज मोहिनी तिवारी पर स्टाफ नर्सों व अन्य कर्मचारियों से अभद्रता व मानसिक रूप से दबाव बनाने के आरोप लगाए थे। स्टाफ नर्सों का दावा है कि शासनादेश में प्रत्येक तीन महीने पर वार्ड इंचार्ज बदलने का प्रावधान है, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा। इसके बाद 18 अप्रैल को कार्यवाहक सीएमएस ने वार्ड इंचार्ज बदल दिया। एसएनसीयू के नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष आनंद ने इस पर आपत्ति जताई। बाद में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रतिभा गुप्ता ने उनका समर्थन करते हुए इंचार्ज बदलने के आदेश को रद कर दिया।

इसके बाद स्टाफ नर्सों ने सीएमओ को शिकायती पत्र देकर शासनादेश का अनुपालन करने की मांग की थी। उसी मामले को सुलझाने के लिए सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया अपनी टीम के साथ सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। सूत्रों की मानें तो बैठक में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एडिशनल सीएमओ, डिप्टी सीएमओ मौजूद रहे, जबकि मेडिकल कॉलेज की तरफ से प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया, सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, डॉ.बागीश मिश्रा, डॉ. पीयूष आनंद समेत कई अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित थे।

सूत्रों के मुताबिक लगभग एक घंटे तक चली बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. भिटौरिया यह भी कहते नजर आए कि मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम का अयोध्या दौरा प्रस्तावित है। उनके आने से पहले ही मामले में हल निकाल लिया जाए।

> मेडिकल कॉलेज गया था। एसएनसीयू मामले में कोई बात नहीं हो सकी। प्राचार्य छुट्टी पर थे। उनसे बात हुई तो बताया कि शाम तक आएंगे। सिर्फ महिला प्रभारी थी, अब मंगलवार को प्राचार्य से फिर मिलने जाऊंगा। -**डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ।**

> आज ही पहुंचे हैं। मीटिंग हुई थी। सीएमओ से बात हो गई है। एसएनसीयू मामले में कुछ मिस अंडरस्टैंडिंग हुई थी। समाधान निकल आया है। अब प्रॉपर चैनल वाइज काम करेंगे। सीएमएस से बैठकर इस पर चर्चा की जाएगी। -**डॉ. डीएस मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य।**

# जिला अस्पताल में तीन दिन से सीटी स्कैन ठप

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन तीन दिन से ठप पड़ी है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मशीन का मदरबोर्ड 25 अप्रैल को अचानक खराब हो गया।

- **भटक रहे मरीज, मशीन गड़बड़, सिंगापुर से मंगाया गया पार्ट**

जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन पीपीपी मोड पर संचालित की जा रही है। केंद्र प्रभारी अजय राय ने बताया कि इंजीनियर ने मशीन ठीक करने की पूरी कोशिश की, लेकिन मदरबोर्ड की समस्या के कारण सिंगापुर से स्पेयर पार्ट मंगवाया गया है। पार्ट के आने का इंतजार किया जा रहा है। एक-दो दिन में पार्ट पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद मशीन को फिर से चालू किया जाएगा। मरीज और उनके तीमारदार सुबह से शाम तक अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को जांच के लिए निजी लैब्स या अन्य अस्पतालों की ओर भटकना पड़ रहा है, जहां महंगे दाम चुकाने पड़ रहे हैं। तीमारदार माधुरी ने बताया कि वह अपने पति के सिर का सीटी स्कैन कराने पहुंची थीं। सोचा था कि निशुल्क हो जाएगा। पता चला कि मशीन गड़बड़ है तो बाहर से 1200 रुपये में जाकर जांच कराई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने मरीजों से अपील की है कि वे थोड़ा धैर्य रखें। जल्द ही सुविधा बहाल कर दी जाएगी।

# अवैध मीट दुकानों के खिलाफ की कार्रवाई

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर निगम और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, राम पथ और धर्मपथ पर सोमवार को जांच अभियान चलाया। सूचना मिलते ही कई दुकानें बंद करके मौके से भागते नजर आए। टीम ने मकबरा क्षेत्र में चार व सहादतगंज में दो दुकानों में लाइसेंस की कमी, अस्वच्छ वातावरण और खराब गुणवत्ता वाले मांस मिलने पर उन्हें बंद करा दिया। चेतावनी जारी की है कि अवैध मीट शॉप्स और पोल्ट्री फार्मों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि रामनगरी की धार्मिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए ऐसे उल्लंघन पर सख्ती बरती जाएगी।

# 24,182 अभ्यर्थियों में 4,638 ने छोड़ी परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** उप्र. होमगार्ड भर्ती की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा के तीसरे व अंतिम दिन सोमवार को दोनों पालियों में 1563 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। तीन दिन 25, 26 व 27 अप्रैल तक चली इसमें प्रथम दिन 1,567 व दूसरे दिन 1,508 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी थी। इस तरह कुल 4,638 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

यह परीक्षा जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर हुई। इसमें कुल 24,182 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। प्रत्येक दिन दो पालियों में हुई परीक्षा में प्रत्येक पाली में 4032 अभ्यर्थी थे। इसमें तीसरे दिन प्रथम पाली में 3,245 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 787 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 3,256 उपस्थित रहे, जबकि 776 अनुपस्थित रहे। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए थे।



मनोहर लाल इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

**होमगार्ड परीक्षा संपन्न**

- **तीसरे दिन पहली पाली में 787 व दूसरी पाली में 776 रहे अनुपस्थित**

# फरार आरोपी पर 10 हजार का इनाम

**अयोध्या, अमृत विचार।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बीकापुर कोतवाली में वर्ष 2025 में दर्ज हत्या के प्रयास के मुकदमें में फरार चल रहा आरोपी अमन उपाध्याय उर्फ सुनील निवासी मानापुर की गिरफ्तारी के लिए पूर्व में घोषित 10 हजार के पुरस्कार राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया गया है। वहीं, कोतवाली अयोध्या में फरवरी 2026 में दर्ज धोखाधड़ी के मुकदमें में फरार चल रहा आरोपी सानिध्य तिवारी उर्फ प्रबल दास चेला अजीत दास निवासी विष्णुपुर खुर्द थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, वर्तमान पता रामायन जी की कुटिया मणि पर्वत कोतवाली अयोध्या की गिरफ्तारी पर 10 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया है।

# घपला : 35 के स्थान पर 30 किलो राशन

गोसाईगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार:** नगर पंचायत गोसाईगंज के वार्ड नंबर एक में अंत्योदय योजना के राशन वितरण में लंबे समय से हो रही कटौती का मामला उजागर हुआ है। सभासद देवी द्वारा उठाये गए इस मुद्दे पर जांच में शिकायत सही पाई गई।

करीब 30 अंत्योदय कार्डधारकों को निर्धारित 35 किलो राशन के बजाए केवल 30 किलो ही दिया जा रहा था, यानी प्रति कार्ड पांच किलो की नियमित कटौती की जा रही थी। जांच के दौरान कोटेदार वीरेंद्र कुमार ने भी स्वीकार किया कि यह कटौती कई वर्षों से जारी थी। एक अनुमान के मुताबिक हर महीने करीब डेढ़ क्विंटल राशन की हेराफेरी की जाती रही। इससे गरीब लाभार्थियों को नुकसान पहुंचा। कोटेदार ने सफाई देते हुए कहा कि राशन कार्ड बनवाते समय ही कटौती की शर्त तय थी, जबकि सरकारी नियमों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

मौके पर मौजूद चंद्रावती, नीलम, संत कुमार सोनी और माया भारती सहित अन्य ने पूरा राशन न मिलने की शिकायत की। इससे मामला और गंभीर हो गया। शिकायत के बाद इस महीने कुछ लाभार्थियों को पूरा 35 किलो राशन दिया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने मामले में जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई और रिकवरी की बात कही है।



गोसाईगंज में कोटेदार वीरेंद्र कुमार के यहां राशन लेने के लिए खड़े लोग।

- **जांच में खुला मामला, कोटेदार ने कटौती की बात को स्वीकारा**

**आयोजन** | योगी 29 अप्रैल की शाम पांच बजे करेंगे राम मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा का आरोहण

# मुख्यमंत्री दौरे के दौरान लागू रहेगा यातायात डायवर्जन

- **समारोह में 1000 हजार अतिथियों को किया गया है आमंत्रित**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राम मंदिर के परकोटे में बने शिव मंदिर के शिखर पर 29 अप्रैल की शाम पांच बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धर्म ध्वजा का आरोहण करेंगे। इस समारोह में 1000 हजार अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। जिसके तहत रामपथ पर टेढ़ी बाजार से लता चौक तक वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी।

कार्यक्रम स्थलों का सोमवार को निरीक्षण करने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सुरक्षा व यातायात को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एसपी यातायात व प्रोटोकाल एपी सिंह के साथ यातायात व्यवस्था को लेकर मंथन किया। एयरपोर्ट से हाईवे होते हुए अयोध्या आने वाले मार्ग के साथ टेढ़ी बाजार से लता चौक तक के मार्ग पर चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए उन्हें अन्य मार्ग पर डायवर्ट करने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के अयोध्या प्रवास के दौरान रामपथ से जुड़ने वाली गलियों पर लगे बैरियरों को गिराने पर विचार किया गया।




वहीं, मंदिर सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों से वार्ता करते हुए आमंत्रित अतिथियों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा जारी किए दिशा-निर्देशों का पालन कराने के निर्देश दिए गए। ट्रस्ट द्वारा जारी गाइडलाइन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि समारोह में किसी भी अतिथि को शस्त्र लाने की मनाही है, साथ ही उनके सुरक्षाकर्मियों को अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा वह अपने साथ अन्य किसी को नहीं ला सकते हैं। समारोह में शामिल होने वाले अतिथियों को रंगमहल आश्रम, अमावां राम मंदिर होते हुए रामगुलेला मंदिर बैरियर व बिरला धर्मशाला के सामने जगदुरु रामानंदाचार्य द्वार से ही मिलेगा। इनके वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़ा कराया जाएगा।

### सीएम के दौरे को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण



राम कथा पार्क में निरीक्षण करते जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के 29 अप्रैल को प्रस्तावित दौरे को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को कार्यक्रम स्थलों रामकथा पार्क, हनुमानगढ़ी और श्री राम जन्मभूमि परिसर, एयरपोर्ट आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। अफसरों से सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा किए जाने का निर्देश दिया। सुरक्षा के मद्देनजर कोई भी लापरवाही न बरतने व विभागों को आपसी समन्वय से कार्यक्रम को संपन्न कराने का निर्देश दिया। उनके साथ एसपी प्रोटोकॉल अयोध्या एपी सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट आदित्य विक्रम अग्रवाल, एडीएम सिटी योगानंद पांडे सहित अन्य अफसर थे।

# दिव्यांगजनों के पंजीकरण को ब्लॉकवार शिविर की तिथि घोषित

**अयोध्या, अमृत विचार:** दिव्यांगजन सशक्तीकरण की कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत पंजीकरण के लिए ब्लॉकवार शिविर का आयोजन होगा। इसकी तिथियां घोषित कर दी गई हैं। सीडीओ केके सिंह ने बताया कि ऐसे पात्र दिव्यांगजन जिन्हें तीन वर्षों में सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुए है (संस्थागत अध्ययनरत छात्रों के लिए यह बाध्यता नहीं) पात्र दिव्यांगजन वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन आवेदन कर जरूरी प्रपत्र डाउनलोड कर आवेदन शिविर में जमा कर सकते हैं। शिविर में दिव्यांगजन अपने पास उपलब्ध प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। शिविर सुबह 11 से चार बजे तक लगेगा। कहा कि ब्लॉक परिसर रुदौली में पांच, मवई में छह, सोहावल में सात, मिल्कीपुर में 12, हैरिंग्टनगंज में 13, बीकापुर में 14, तारुन में 19, पूराबाजार में 20, मयाबाजार में 26 और अमानीगंज में 28 मई को शिविर लगेगा। इसी तरह नगर पंचायत गोसाईगंज में दो, बीकापुर में तीन, भरतकुंड भदरसा में चार, कुमारगंज में नौ, खिरौनी (सुचित्तागंज) में 10, नगर निगम में 11, नगर पंचायत मां कामख्या में 16 एवं नगर पालिका परिषद रुदौली में 17 जून को शिविर होगा।

न्यूज ब्रीफ

## रक्तदान व सामूहिक विवाह का आयोजन करेगी भाकियू




**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मंडलीय मासिक पंचायत मंडल अध्यक्ष अनुपम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को आयुक्त परिसर में हुई। इसमें पांच मई को जिला पुरुष चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान और अक्टूबर माह के नवरात्र में सामूहिक विवाह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने संगठन मजबूती पर बल दिया। पंचायत को जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, मंडल संगठन मंत्री कमलेश वर्मा, रामानंद वर्मा, फरीद अहमद आदि ने संबोधित किया।

## पीएनबी का एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम संपन्न

**अयोध्या, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सोमवार को एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक मनीष अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान सात जिलों से आए ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा एमएसएमई योजनाओं की जानकारी दी गई। मंडल प्रमुख रक्ति मावा दान ने कहा कि बैंक उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में श्रवण देव पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में उप प्रबंधक अशोक पांडेय उपमंडल प्रमुख अनुप टंडन व ग्राहक मौजूद रहे।

## अधिवक्ता शेषनाथ के निधन पर शोक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अधिवक्ता शेषनाथ दूबे के आकस्मिक निधन पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन कचहरी में आयोजित शोक सभा में उनके व्यक्तित्व व उनके संघर्षों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के अध्यक्ष मनोज मेहरोत्रा ने शोक सभा की अध्यक्षता की। संचालन कर रहे आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी के संयोजन बीडी त्रिपाठी ने करते हुए दिवंगत अधिवक्ता शेषनाथ दूबे की कर्मठता व जिजीविशा के धनी बताते हुए उनके द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी पकड़ बनाये रखना जानते थे। इस मौके पर अधिवक्ता आशुतोष त्रिपाठी, शावेज जाफरी, जयसिंह, विपिन यादव, राकेश वैद आदि ने दिवंगत शेषनाथ दूबे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

# महिलाओं ने किया विपक्ष के पुतले का दहन

## सर्किट हाउस सभागार में भाजपा ने महिला सम्मेलन का किया आयोजन

अयोध्या कार्यालय




सर्किट हाउस गेट के सामने महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वालों का पुतला दहन करतीं भाजपा महिला सभा की पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सर्किट हाउस सभागार में सोमवार को भाजपा ने महिला सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन के बाद विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए पुतला दहन किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि जिले प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि नारी वंदन अधिनियम की रुप रेखा तय करने वाले बिल का विरोध कर विपक्ष ने अपना असली चेहरा उजागर कर दिया है।

विशिष्ट अतिथि अंजू पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह महिलाओं का अपमान करने से रावण व कौरवों के वंश का समूल नाश हुआ था। ठीक उसी प्रकार से देश की आधी आबादी सपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके को समाप्त करने का काम करेगी। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सईदा रिजवी ने कहा कि विपक्ष का नकारात्मक रवैया उसकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। संयोजन मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर ने किया। मौके पर विधायक चन्द्र भानु पासवान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, रीना द्विवेदी, आशा गौड, शकुंतला त्रिपाठी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर जोर

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा कुमारगंज स्थित चंद्रबली सिंह उर्मिला पी.जी. कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय महिला सुरक्षा, भारतीय न्याय संहिता और ई-एफआईआर था। यह कार्यक्रम राज्यपाल के निर्देश के क्रम एवं कुलपति के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। डॉ. श्वेता सचान ने महिला सुरक्षा में परिवार एवं समाज की भूमिका पर जोर देते हुए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। डॉ. प्राची शुक्ला ने महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता को सशक्तिकरण का मूल आधार बताया। डॉ. ममता आर्य ने पॉक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा और महिला संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। सरिता श्रीवास्तव ने भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. रागिनी मिश्रा ने ई-एफआईआर की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता और डिजिटल न्याय प्रणाली की बढ़ती भूमिका को सरल भाषा में समझाया। सामुदायिक महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यशाला में लगभग 70 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



कमला नेहरू भवन आयोजित बैठक को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह।

## नारी शक्ति वंदन को लेकर भाजपा फैला रही भ्रम

**अयोध्या, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा भ्रम फैला रही है। ये बात सोमवार को कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष चेत नरायन सिंह ने कहीं। कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा और राज्यसभा साल 2023 में पास हो चुका है। कांग्रेस पार्टी ने 543 लोकसभा की सीटों में 33 फीसदी महिलाओं के आरक्षण का समर्थन किया, लेकिन भाजपा जनमानस को इस बिल पर भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। जिसे कांग्रेस पार्टी प्रत्येक ब्लॉकों में बैठकों के माध्यम से आम जनता तक इनके चाल, चरित्र को बेनकाब करेगी। बैठक को महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पीसीसी राम अवध पासी ,जिला उपाध्यक्ष उमेश उपाध्याय, महामंत्री कविंद्र साहनी, महिला जिलाध्यक्ष नाजिश फातिमा आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष और संचालन जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने किया।



**एक सप्ताह बाद भूख हड़ताल की चेतावनी**

एसडीएम सदर रामप्रसाद त्रिपाठी को ज्ञापन देते साधु-संत।

## अयोध्या में उमड़ा जनसैलाब, संतों का अल्टीमेटम

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** रामनगरी में सोमवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत आस्था, जनसंकल्प और सामाजिक एकजुटता का विराट प्रदर्शन देखने को मिला। सूर्यकुंड से तहसील परिसर तक निकाली गई भव्य पदयात्रा में हजारों संत, गौभक्त, अधिवक्ता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। गौ-हत्या बंद हो और गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान मिले जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा। गौ संरक्षण दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत बजरंग दास (हनुमानगढ़ी) और महाराज प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा ने अनुशासन और शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाया। महंत बजरंग दास ने सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय के भीतर केंद्र सरकार गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए सख्त केंद्रीय कानून नहीं बनाती और गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित नहीं करती, तो संत समाज भूख हड़ताल पर बैठने को बाध्य होगा। पदयात्रा के समापन पर महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी राम प्रसाद त्रिपाठी को सौंपा गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता शांतनु कृष्ण सिंह, करनी सेना के उपाध्यक्ष राजन सिंह, बाटी बाबा, सीताराम दास, अमृत दास (रिकाबगंज), गौसेवक कपिल मिश्रा सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 450 प्रगणकों व सुपरवाइजरों को 18 फील्ड ट्रेनर दे रहे प्रशिक्षण

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** जनगणना के द्वितीय चरण की मकान गणना का प्रशिक्षण आदर्श महिला महाविद्यालय में सोमवार को शुरू हुआ। प्रशिक्षण में कुल 450 प्रगणकों व सुपरवाइजरों ने प्रतिभाग किया। तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कुल 18 फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण 29 अप्रैल तक चलेगा। तहसीलदार ने बताया कि इस बार की जनगणना भारत की 16वीं तथा आजादी के बाद आठवीं और अब तक की सबसे बड़ी जनगणना है। जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के अंतर्गत जनगणना कार्य नहीं करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध तीन वर्ष की सजा तथा जुर्माने का प्रावधान है, इसलिए ड्यूटी में लगाए गए सभी कर्मचारी समय से प्रशिक्षण में प्रतिभाग करें। प्रशिक्षण में शिक्षा अधिकारी रुदौली रमाकांत राम, नायब तहसीलदार राज नारायण मौर्य, राजस्व निरीक्षक राम सुरेश, जनार्दन, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ के मंत्री संजय सिंह, विपिन पालीवाल आदि मौजूद रहे।

# अपहरण व हत्या में विवेचक की अंतिम रिपोर्ट को कोर्ट में झटका

**अशोक वर्मा हत्याकांड**

**सीजेएम ने किया क्लोजर रिपोर्ट निरस्त**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के अशोक कुमार वर्मा अपहरण व हत्या के बहुचर्चित मामले में विवेचक की अंतिम रिर्पोट को न्यायालय में भारी झटका लगा है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय ने विवेचक की रिपोर्ट के विरूद्ध प्रस्तुत वादी की प्रोटेस्ट पिटीशन पर सुनवाई कर क्लोजर रिपोर्ट निरस्त सोमवार को निरस्त कर दी। साथ ही थाना कैंट को प्रकरण में अग्रिम विवेचना करने का आदेश देते हुए आख्या नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। मामला कैंट थाना क्षेत्र का वर्ष 2023 का है।

वादी अभय वर्मा ने विवेचक की ओर से दायर अंतिम रिपोर्ट के विरुद्ध प्रोटेस्ट पिटीशन प्रस्तुत कर बहस की। तर्क दिया कि आरोपित प्रदीप वर्मा व राजेन्द्र वर्मा के बयानों में समय को लेकर काफी विरोधाभास है। स्वतंत्र गवाह राम बहोर वर्मा, राजकुमार वर्मा व बलदेव वर्मा के बयानों में भी समय व स्थान पर उपस्थिति के संबंध में किए गए कथन में भी समानता नहीं है। विवेचक ने रटारटाया बयान अंकित कर दिया है। मृतक के मोबाइल पर मंशाराम की 22 बार आउटगोइंग व इनकमिंग काल का होना पाया गया है, परन्तु विवेचक ने उक्त के संबंध में कोई काल डिटेल नहीं दिया और न ही घटना स्थल के संबंध में कोई सीसीटीवी आदि का अवलोकन किया है। विवेचक ने सरसरी तौर पर विवेचना करके अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने न्यायालय में विवेचक की ओर से दायर अंतिम रिपोर्ट के अवलोकन तथा केस डायरी के परिशीलन से विवेचना का त्रुटिपूर्ण होना पाया जाता है। अभियोजन पक्ष के अनुसार जनपद के गोसाईगंज थाना क्षेत्र चैडारी बन्दनपुर गांव निवासी अभय वर्मा के चाचा अशोक कुमार वर्मा की रंजिश को लेकर 23 जून 2023 को गांव के ही प्रदीप वर्मा व राजेन्द्र वर्मा के अलावा अन्य सहयोगी ने अगवा कर हत्या कर दी थी। थाने पर मुकदमा दर्ज न होने पर अभय वर्मा ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया था। यह मुकदमा थाना कैंट में अपहरण तथा हत्या समेत अन्य धाराओं में दर्ज हुआ था। जिसमें विवेचक ने नामजद आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए अंतिम रिपोर्ट को न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

## महिलाओं ने बेबाकी से उठाईं समस्याएं

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार:** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक सभागार में ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत साथी संस्था यूपी के तत्वावधान में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें 45 ग्राम पंचायतों की नारी संघ से जुड़ीं महिलाओं ने अपने-अपने गांवों की जमीनी समस्याओं को बेबाकी से उठाया। खण्ड विकास अधिकारी आरएन भारती ने कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार ने बताया कि पंचायत विभाग बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने महिलाओं द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथी संस्था के प्रोग्राम मैनेजर प्रदीप कुमार ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। किरन, मूरता, गीता, सुनीता सहित कई महिलाओं ने अपने गांवों की समस्याओं को विस्तार से अधिकारियों के सामने रखा। बैठक में एडीओ पंचायत कार्यालय के कर्मचारी राजकुमार शर्मा, साथी संस्था की प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर वंदना, ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर अंजली, एमआईएस हिमानी सहित संस्था के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।




हिन्दू इंटर कॉलेज में मेधावियों छात्र-छात्राएं के सम्मान समारोह में मौजूद जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह टिल्लू व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन तिवारी। अमृत विचार

## डीआईओएस ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा से ही भविष्य संवारा जा सकता है। यह बात जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन तिवारी ने कही। वह सोमवार को रुदौली स्थित हिंदू इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट विज्ञान व कला वर्ग और हाईस्कूल के 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर रहे थे। उन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में नौवां स्थान प्राप्त करने वाले श्रेष्कर मिश्रा को 51 सौ रुपये का पुरस्कार प्रोत्साहन स्वरूप दिया। उन्होंने बालिकाओं की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश व प्रदेश में बालिकाओं को शिक्षित स्वावलंबी तथा सशक्त बनाने का अनुकूल वातावरण है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह टिल्लू ने कहा कि विद्यालय में ही नई पीढ़ी के व्यक्तित्व का विकास होता है। समारोह में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सर्वजीत सिंह, शिक्षक आशीष शर्मा, कामेश मणि पाठक समेत अन्य मौजूद रहे।




गायत्री पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल व अन्य।

## गायत्री पब्लिक स्कूल में मेधावियों का सम्मान

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज गायत्री पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को माल्यार्पण व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि यह सफलता केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की जीत है। प्रभा शंकर शुक्ल, राम सूरत तिवारी, आलोक तिवारी, विक्रम जीत यादव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने की साकेत महाविद्यालय को निधि से 50 लाख देने की घोषणा

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय में सोमवार को सांस्कृतिक परिषद द्वारा राजा जगदम्बिका प्रताप नारायण सिंह सभागार में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने महाविद्यालय के विकास के लिए अपनी निधि से 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस धनराशि से महाविद्यालय परिसर में पेयजल व्यवस्था, पानी की टंकी, शौचालय निर्माण और ऑडिटोरियम का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष असीम त्रिपाठी से अतिथियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। विधायक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। साकेत महाविद्यालय क्षेत्र का प्रमुख शिक्षण संस्थान है, जहां हजारों विद्यार्थी अध्ययन कर अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष आलोक बंसल, सचिव आनंद सिंघल, प्राचार्य डॉ. दानपति तिवारी, पूर्व प्राचार्य प्रदीप खरे, मनूचा डिग्री कालेज की प्राचार्या डॉ. मंजूषा मिश्रा, शिक्षक संघ के अध्यक्ष जनमेजय तिवारी, पर्यटन अधिकारी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र- छात्राएं मौजूद रहीं।

# संदिग्धों की तलाश में पूराबाजार तक खंगाले जाएंगे सीसीटीवी

अयोध्या कार्यालय

- मेडिकल कॉलेज के तीन सरकारी आवासों में चोरी का मामला

**अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में तीन सरकारी आवासों में हुई चोरियों के मामले में पुलिस को बाइक सवार दो संदिग्धों की तलाश है। इनकी तलाश में पुलिस ने सोमवार को कुशमाहा से देवकाली तक के सीसीटीवी फुटेज खंगलवाए। अब पूरा बाजार के मार्गों पर लगे कैमरे खंगलवाए जाएंगे।

मेडिकल कॉलेज के तीन सरकारी आवासों में शुक्रवार को चोरी की घटना सामने आई थी। आरोप था कि चोरों ने अर्थ विभाग में कार्यरत वंदना सिंह, अभियंता राजेश कुमार और ट्रॉमा सेंटर में तैनात विशाल गुप्ता के घरों से लगभग 40 हजार रुपये नकद और जेवर चुरा लिए। पीड़ित पक्ष ने घटना की पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में लगी सीसीटीवी फुटेज खंगलवाई तो एक मोटरसाइकिल पर दो सवार संदिग्ध रूप से दिखाई पड़े हैं। मुंह पर अंगोछा डाल रखा है। कंधे पर पिट्ठू बैग भी लिए हुए थे। दोनों पहले परिसर में नजर आए। इसके बाद सर्विस लेन पर देवकाली की तरफ जाते दिखाई पड़े। इसके बाद पुलिस ने देवकाली तक जगह-जगह लगे कैमरे खंगलवाए। हालांकि सफलता हाथ नहीं लगी है। दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी ने बताया कि पूराबाजार की तरफ दोनों संदिग्धों के जाने की आशंका है। अब उधर, खोजबीन शुरू कराई जाएगी। जल्द ही मामले का पटाक्षेप कर दिया जाएगा।

## देवकाली उपडाकघर का किया उद्घाटन

**अयोध्या, अमृत विचार :** देवकाली क्षेत्रवासियों को डाक सेवाओं के लिए अन्यत्र भटकना नहीं पड़ेगा, सोमवार को मुख्य अतिथि प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने देवकाली निकट मनूचा कोठी भवन में देवकाली उपडाकघर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कम्प्यूटर पर डाक सेवा की शुरुआत करते हुए कहा कि ग्राहकों को भारत सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं का लाभ इस डाकघर से मिल सकेगा। मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व से संचालित दीनदयाल नगर कॉलोनी स्थित देवकाली शाखा डाकघर का नाम परिवर्तित कर अब दीनदयाल नगर शाखा डाकघर कर दिया गया है। इस मौके पर परिवाद निरीक्षक भीम प्रसाद, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, ज्योतिरादित्य सिंह, अंबिका मनूचा, सब पोस्टमास्टर श्रद्धा तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सरसों की फसल को बीमारी से बचाना होगा आसान

कुमारगंज अयोध्या।

- कृषि विवि की बड़ी उपलब्धि, सरसों की अल्टरनेरिया ब्लाइट पर किया शोध

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचाने वाली बीमारी अल्टरनेरिया ब्लाइट पर महत्वपूर्ण शोध कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह शोध भविष्य में सरसों की प्रतिरोधी किस्मों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के एमएससी छात्र अनुराग मिश्रा ने प्रोफेसर डॉ. नवाज अहमद खान के मार्गदर्शन में यह शोध पूरा किया। इसमें आशुतोष सिंह का भी योगदान रहा। अनुराग मिश्रा वर्तमान में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, समस्तीपुर बिहार में शोधरत हैं। शोध के दौरान भारतीय सरसों यानी ब्रासिका जुनसिया के 282 जीनोटाइप का दो मौसमों में परीक्षण किया गया। अध्ययन का मुख्य उद्देश्य ऐसे जीनोटाइप की पहचान करना था जो अल्टरनेरिया ब्लाइट के प्रति प्रतिरोधी हों। परीक्षण के बाद 10 बेहतर जीनोटाइप चुने गए। इनमें टी-59 को मध्यम प्रतिरोधी और एनडी आरई-7 को संवेदनशील पाया गया। यह बीमारी अल्टरनेरिया ब्रासिकिकोला नामक फफूंद से होती है। यह पत्तियों, तनों और फलियों को संक्रमित कर उपज में 50 प्रतिशत से अधिक तक नुकसान पहुंचा सकती है। शोध में सामने आया कि प्रतिरोधी जीनोटाइप टी-59 में एंटीऑक्सीडेंट एंजाइम की गतिविधि अधिक होती है। ये एंजाइम पौधे को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। साथ ही टी-59 में सैलिसिलिक एसिड, जैस्मोनिक एसिड और एथिलीन जैसे रक्षा हार्मोन से जुड़े जीन अधिक सक्रिय पाए गए। फैटी एसिड प्रोफाइलिंग से पता चला कि तनाव की स्थिति में टी-59 में असंतृप्त वसा अम्ल बढ़ जाता है। यह कोशिका झिल्ली को मजबूत बनाकर रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आर्द्रता और तापमान में उतार-चढ़ाव से यह रोग तेजी से फैल रहा है। प्रो. डॉ. नवाज अहमद खान ने बताया कि यह शोध प्रतिरोधी किस्मों के विकास की दिशा में अहम कदम है। इससे किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता की फसल मिल सकेगी।

**भरतकुंड की परिक्रमा**

**जगह-जगह लगे रहे परिक्रमार्थियों के सेवार्थ पांडाल, अधिकारियों ने परिक्रमार्थियों पर बरसाए पुष्प**

# पंचकोसी परिक्रमा पथ पर उमड़ा संतों संग श्रद्धालुओं का सैलाब

मसौधा, अयोध्या



मदरसा के फुलवरिया वार्ड में भरतकुंड की पंचकोसी परिक्रमार्थी पर पुष्प वर्षा करते पुलिसकर्मी।

**अमृत विचारः** मोहनी एकादशी पर पंच कोसी परिक्रमा सोमवार सुबह सात बजे भरतकुंड के दक्षिणमुखी भरत गुफा मंदिर से शुरू हुआ। ऊंची नीची, ऊबड़-खाबड़ कच्ची सड़कों से पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा और राहत के लिए जगह-जगह पांडाल लगाए गए थे। साधु संतों व श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करने के लिए अधिकारियों समेत लोगों की भारी भीड़ रही।

भरत जी की आस्था से प्रेरित परिक्रमार्थियों का सैलाब और राम धुन की गूंज को देखने-सुनने के लिए गांवों के लोग सड़क थे। हर कोई उन्हें प्रणाम कर रहा था। बीबियापुर, भावापुर, दशरथपुर, जलालपुर माफी,पुहपी आदि गांवों के लोग सड़क पर आकर परिक्रमा करने वालों का स्वागत कर फूल बरसा रहे थे। सुरक्षा में मुस्तैद प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में छह से अधिक महिला व पुरुष उपनिरीक्षक, पुलिस कर्मियों और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने सहयोगी कर्मियों के साथ परिक्रमार्थियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। देर शाम भरतकुंड भरत गुफा मंदिर परिसर में वापसी पर भव्य स्वागत किया गया।

सोहावल और बीकापुर तहसील क्षेत्र के लगभग 50 गांवों से गुजरने वाले पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर 12 से अधिक स्थानों पर छांव के लिए बड़े -बड़े तंबू कनात लगाए। इसमें निःशुल्क जलपान की व्यवस्था रही। परिक्रमा की अगुवाई कर रहे भरत हनुमान मिलन मंदिर के महंत संत परमात्मा दास ने अयोध्या सहित अन्य स्थलों से आए प्रमुख साधु संतों को अंगवस्त्र भेंट किए गए।

## परिक्रमा की डगर पर लगे जयकारे

कहावत है कि मानो तो देव नहीं तो पत्थर। कुछ ऐसा ही नजारा आज पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर देखने को मिला। कंकरीली, पथरीली, ऊबड़-खाबड़ कच्ची डगर पर चल रहे परिक्रमार्थियों की आस्था के आगे सब कुछ बौना दिखा। पसीने से तरबतर साधु-संतों का जुनून और जोश सिर पर था। भरत जी की जयकार, राम लक्ष्मण और सीता की जयकार हो रही थी। जहां सड़क ज्यादा खराब दिखे जयघोष तेज हो जाते।

## तमसा तट फुलवरिया में हुआ स्वागत

भदरसा के फुलवरिया वार्ड में तमसा नदी तट पर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। सभासदों सुनील श्रीवास्तव,प्रेम बाबू मौर्य,सुरेंद्र मौर्य,राजीव गुप्ता, रामकरन मौर्या, बृज मोहन सहित अन्य शामिल रहे। जलपान सहित सुरक्षा कर्मियों के रुकने और ठहरने का इंतजाम किया। आधे घंटे तक रामधुन से तमसा नदी पर पूजन अर्चन किया। इसके बाद परिक्रमा आगे बढ़ी।

# चौथी तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय में यूको बैंक का शानदार प्रदर्शन



यूको बैंक के प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार।

**अयोध्या, अमृत विचारः** यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ. अश्वनी कुमार ने सोमवार को 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक का कुल कारोबार 14.95 फीसदी की वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि दर्जकर 5,90,314 करोड़ रुपये हो गया। चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 801 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 22.66 प्रतिशत अधिक है, जबकि पूरे वर्ष का शुद्ध लाभ 2,768 करोड़ रहा, जिसमें 13.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

उन्होंने बताया कि तिमाही में बैंक का परिचालन लाभ 1573 करोड़ रहा जबकि पूरे वर्ष का परिचालन लाभ 6.49 फीसदी की वृद्धि के साथ 6429 करोड़ हो गया। कासा जमा12.46 फीसदी की वार्षिक वृद्धि के साथ 1,17,752 करोड़ हो गया। रिटेल, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों में अग्रिम 1,52,324 करोड़ रहा, जिसमें 24.23 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।। सकल एनपीए घटकर 2.17फीसदी और निवल एनपीए घटकर 0.27 प्रतिशत हो गया, जिससे आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 18.61प्रतिशत रहा। कहा कि यूको बैंक का शाखा नेटवर्क 3,412 घरेलू शाखाओं तक विस्तारित है, साथ ही हांगकांग, सिंगापुर और ईरान में अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति भी है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 61 प्रतिशत शाखाओं के माध्यम से बैंक वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रहा है।

# आधी आबादी के साथ विश्वासघात : शाही

अयोध्या कार्यालय।



सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को बातचीत करते कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व साथ में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

- बोले, कृषि व जिले प्रभारी मंत्री- विपक्ष पर बोला तीखा हमला

**अमृत विचार:** प्रदेश के कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विपक्ष पर आधी आबादी के साथ विश्वासघात का आरोप लगाया। कहा कि महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष का रवैया पूरी तरह महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। जिससे देशभर की महिलाओं में आक्रोश है। वो सोमवार को भाजपा कार्यालय सहादतगंज में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा धर्म आधारित आरक्षण की मांग पूर्णतया असंवैधानिक है। यह देश के संविधान की मूल भावना के विपरीत है। आरोप लगाया कि प्रियंका गांधी, डिंपल यादव सहित अन्य विपक्षी दलों की महिला सांसदों ने बिल के विरोध में मतदान कर यह साबित कर दिया कि वे केवल अपने परिवार तक ही महिलाओं के सशक्तिकरण को सीमित रखना चाहती हैं।

विपक्ष के इस रवैये का पूरे देश में विरोध हो रहा है। विभिन्न स्थानों पर महिलाएं धरना-प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त कर रही हैं और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब भी देंगी। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा नारी सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता समेत भाजपा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आरोग्यम अस्पताल एनटीपीसी टांडा द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा रहीं। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मार्कंडेय प्रसाद, यूएनडीपी प्रतिनिधि प्रशांत श्रीवास्तव और उनकी टीम तथा गरिमा महिला मंडल की अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात डॉ. मनीषा पांडेय वरिष्ठ परामर्शदाता स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं सीएमओ आरोग्यम अस्पताल ने एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है और बालिकाओं के स्वास्थ्य सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर में कुल 20 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। मुख्य अतिथि ने अस्पताल की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

## स्व. राम लखन वर्मा की 23वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



ताहापुर इस्माइलपुर स्थित विद्यालय परिसर में स्व. राम लखन वर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण करते अखिलेश वर्मा।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** समाजवादी विचारधारा के प्रमुख स्तंभ एवं उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व पंचायतीराज कैबिनेट मंत्री स्व. राम लखन वर्मा की 23वीं पुण्यतिथि ताहापुर इस्माइलपुर स्थित उनके विद्यालय परिसर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों लोग एकत्र हुए और स्व. वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उनकी पत्नी सहित दोनों पुत्र अखिलेश वर्मा एवं बृजेश वर्मा मौजूद रहे। वरिष्ठ समाजवादी नेता डॉ. राजेंद्र प्रसाद चौधरीए आसाराम चौधरीए राम प्यारे वर्माए गौरी शंकर वर्माए केशव राम पटेलए सुरेश वर्माए अखिलेश यादवए संदीप वर्माए ममता पटेलए अंकुश वर्माए गुरु प्रसाद वर्माए अच्छे लाल वर्माए अनिल वर्माए पप्पू वर्माए पुष्कर वर्माए अखिलेश द्विवेदीए क्षितिज पटेल उपस्थित रहे।

## डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अंबेडकरनगर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम गोदाम, वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** दो माह पूर्व सडक़ दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल जलालपुर थाना क्षेत्र निवासी युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पत्नी हेमलता ने बताया कि पति रितेश राजभर पुत्र अशोक राजभर 24 वर्ष निवासी ग्राम पकड़ी मरहरा थाना जलालपुर मायके सेमउरखानपुर थाना हंसवर गए थे, बीते 13 फरवरी को पति रितेश अपनी मोटर साइकिल से सडक़ मार्ग से ग्राम धौरहरा जा रहे थे, इसी बीच सामने से नीरज शुक्ला पुत्र आज्ञाराम शुक्ला निवासी ग्राम सेमउरखानपुर शुक्लाना थाना हंसवर तेज गति से अपनी साइड को छोड़ते हुए विपरीत दिशा से अपनी मोटर साइकिल लाते हुए उस के पति की मोटर साइकिल में जोर से टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।



विद्यालय के सम्मानित छात्रों के साथ मौजूद प्रबंधक माधव मौर्य व अन्य। अमृत विचार

## मेधावी छात्रों का सम्मान, हाईस्कूल टॉपर्स को किया गया पुरस्कृत

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनता इंटर कॉलेज बेला परसा में हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के टॉप टेन विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संस्थापक संतराम मौर्य उपस्थित रहे। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। विद्यालय के टॉप टेन विद्यार्थियों में प्रथम स्थान पर पीयूष चौहान, द्वितीय स्थान पर आदर्श गुप्ता तथा तृतीय स्थान पर नैतिक मौर्य रहे। इसके अलावा प्रियांशी, रितेश वर्मा, अंशुमान सिंह, प्रतिभा, अंश पटेल, आयुष चौहान और आदर्श ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक माधव मौर्य, प्रधानाचार्य पवन यादव, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आगे भी कड़ी मेहनत कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा।

# फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर 19 लेखपालों को नोटिस

मालीपुर, अंबेडकरनगर।

- प्रगति प्रभावित, शत-प्रतिशत पंजीकरण के लिए प्रशासन सख्त

**अमृत विचार।** किसानों की भूमि के डिजिटलीकरण, खतौनी को बैंक और आधार से जोडक़र यूनिक आईडी उपलब्ध कराने तथा केसीसी और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान में अपेक्षित प्रगति न होने पर प्रशासन सख्त हो गया है।

इसी क्रम में जलालपुर तहसील में उपजिलाधिकारी व तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर बड़ी संख्या में किसानों का पंजीकरण कराया गया। इसके बावजूद अब भी करीब 10 से 15 प्रतिशत किसान रजिस्ट्री से वंचित हैं। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार निखिलेश कुमार ने 19 लेखपालों से स्पष्टीकरण तलब किया है। नोटिस जारी होने के बाद लेखपाल संघ अध्यक्ष जयकरण पाल दर्जनों लेखपालों के साथ तहसीलदार से मिले और जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं से अवगत कराया। लेखपाल संघ के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री में कई तकनीकी व व्यावहारिक बाधाएं सामने आ रही हैं। प्रमुख समस्याओं में आधार और खतौनी में नाम का मेल न होना, किसानों का रोजगार के चलते बाहर रहना, ओटीपी उपलब्ध न हो पाना और आधार से मोबाइल नंबर लिंक न होना शामिल हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों जैसे पंजाब, गुजरात और मुंबई में रह रहे किसानों के आधार में स्थानीय भाषा में दर्ज नाम और गांव की खतौनी में हिंदी नाम होने के कारण डाटा मैच नहीं हो पा रहा है, जिससे पंजीकरण प्रभावित हो रहा है। तहसीलदार ने सभी लेखपालों को निर्देश दिए हैं कि हर हाल में शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाए और अभियान को तेजी से पूरा किया जाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज, वाद निस्तारण के निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद में आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को एडीआर भवन जनपद न्यायालय में अपर जिला जज त्वरित द्वितीय नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में खाद्य सुरक्षा, स्टाम्प, शिक्षा, गन्ना, जिला विकास, श्रम, पिछड़ा वर्ग कल्याण, प्रोबेशन, समाज कल्याण, आबकारी, वन एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण सुनिश्चित करें।



भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि मंसूरपुर गांव निवासी पवन यादव 27 वर्ष ने रविवार देर शाम किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडऩे पर परिजन उसे बचा नहीं सके और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता जियालाल यादव ने सोमवार को पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक की शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व हुई थी। इस संबंध में मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा से 1 हजार 938 अभ्यर्थियों ने किया किनारा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



होम गार्ड भर्ती परीक्षा का अकबरपुर नगर स्थित डॉ. जीके जेटली इंटर कॉलेज में निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के नौ केंद्रों पर तीसरे दिन सोमवार को होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस लिया। सीसीटीबी कैमरे की निगरानी में चल रही परीक्षा में तीसरे दिन दोनों पालियों में कुल 7 हजार 104 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से प्रथम पाली में 972 और द्वितीय पाली में 966 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। दोनों पालियों में कुल मिलाकर 1 हजार 938 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। वहीं 5 हजार 166 अभ्यर्थी होमगार्ड भर्ती परीक्षा में सम्मिलित हुए।

जनपद में आयोजित होमगार्ड स्वयंसेवक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वज्योत्स्ना बंधु के साथ परीक्षा के अंतिम दिन भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने डॉ. जीके जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर आदि केंद्रों पर क्लॉक रूम, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कंट्रोल रूम और परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं पारदर्शिता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों के आवागमन, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुचारु बनाए रखते हुए सभी केंद्रों पर बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित रखा जाए।

## अधेड़ की हत्या के बाद परिजनों का हंगामा, मुआवजे की मांग पर अड़े

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र के आशापार गांव में अधेड़ संतोष तिवारी की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या के बाद सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजन भडक़ गए। विभिन्न मांगों को लेकर अड़े परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया, जिससे प्रशासन में हडक़ंप मच गया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी जलालपुर अनूप कुमार सिंह और तहसीलदार निखिलेश वर्मा ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। मृतक की पत्नी कमला देवी समेत अन्य परिजन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मांगों को लेकर अड़ गए। परिजनों की प्रमुख मांगों में परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की शिक्षा के लिए 20 लाख रुपए मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई शामिल रही। इस संबंध में सीओ जलालपुर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मामले में जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

## श्रद्धा की द्वितीय पुण्यतिथि पर बांटी जाएंगी सिलाई मशीन

**बसखारी, अंबेडकरनगर।** गरीब एवं असहाय महिलाओं के रोजगार सृजन के लिए श्रद्धा यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर निशुल्क सिलाई मशीन वितरण के लिए रविवार को बसखारी स्थित पीके चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शरद यादव एवं उनकी टीम ने स्वयं उपस्थित रहकर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया संपन्न कराई, जिसमें कुल 65 महिलाओं ने पंजीकरण कराया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में श्रद्धा यादव की विशेष भूमिका रही है। उनके आकस्मिक निधन 28 जून 2024 के बाद भी ट्रस्ट ने उनके सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। प्रथम पुण्यतिथि पर 55 महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन वितरित की गई थी। इसी क्रम में इस वर्ष 28 जून को द्वितीय पुण्यतिथि पर 51 महिलाओं को सिलाई मशीन देने की योजना है। ट्रस्ट द्वारा गठित समिति पंजीकरण फॉर्म की जांच कर पात्र महिलाओं का चयन करेगी।




**न्यूज ब्रीफ**

### दस हार्स पावर का पंपिंग सेट इंजन चोरी

**नवाबगंज, गोंडा :** चोरों ने खेत में लगा पंपिंग सेट इंजन पार कर दिया। सुबह खेत पहुंचे किसान को इंजन गायब मिला। पीड़ित किसान ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के विश्नोहरपुर निवासी किसान रज्जू सिंह ने बताया कि उन्होंने सिंचाई के लिए अपने खेत में 10 हार्स पावर का पंपिंग सेट इंजन लगा रखा था। रविवार सुबह जब वह खेत पहुंचे तो इंजन अपनी जगह से गायब मिला।किसान ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन इंजन का कोई सुराग नहीं लग सका। आरोप है कि क्षेत्र के कुछ लोग इस तरह की चोरी में लिप्त रहते हैं और उन्हें आशंका है कि उन्हीं लोगों ने इंजन चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

# गोंडा मेडिकल कॉलेज: एसी में डॉक्टर, बिना पंखे के मरीज

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत अगर देखनी हो तो गोंडा मेडिकल कॉलेज का एक चक्कर काफी है। यहां जिंदगी और मौत के बीच जूझते मरीजों के साथ जो हो रहा है, वह किसी भी संवेदनशील इंसान को झकझोर दे। हालात इतने बदतर हैं कि गंभीर मरीजों को डॉक्टर छूने तक से कतराते हैं और इलाज की पूरी जिम्मेदारी वार्ड ब्वाय के कंधों पर डाल दी गई है।

रविवार देर रात इमरजेंसी वार्ड में दर्द, चीख और अव्यवस्था का ऐसा मंजर दिखा, जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सड़क हादसे और मारपीट में घायल करीब एक दर्जन मरीज अस्पताल पहुंचे, लेकिन ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और फार्मासिस्ट अपनी कुर्सी से उठने को तैयार नहीं दिखे। मरीजों को बाहर इंतजार करने को कहा गया, जबकि अंदर कराह और चीख-पुकार गूंजती रही। स्थिति तब और शर्मनाक हो गई, जब गंभीर रूप से घायल एक युवती मंदाकिनी को इलाज के लिए एक घंटे तक तड़पना पड़ा। चेहरे पर ईंट से हमला होने के कारण उसकी नाक की हड्डी टूट चुकी थी और सांस लेना मुश्किल था। लेकिन डॉक्टर ने इलाज शुरू करने से पहले पुलिस रिपोर्ट का इंतजार करने को कह दिया। सवाल यह है कि क्या अब इलाज भी कागजी कार्रवाई का मोहताज हो गया है? आखिरकार दबाव बढ़ने पर उसे महिला सर्जिकल वार्ड में भर्ती किया गया, जहां हालात और भी भयावह थे। आठ में से केवल चार पंखे चल रहे थे, उमस और गर्मी में मरीज तड़प रहे थे।


अस्पताल की फर्श पर सोते मरीज व तीमारदार।


इमरजेंसी में कुर्सी पर बैठे डॉक्टर-फार्मासिस्ट और स्ट्रेचर पर पड़े मरीज। अमृत विचार

### नई बिल्डिंग में एसी का आराम

जिला प्रशासन के निर्देश पर ओपीडी को नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया है, जहां डॉक्टर एसी कमरों में बैठकर सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन भर्ती मरीजों को अब भी पुराने, जर्जर भवन में रखा जा रहा है। आधुनिक वार्ड खाली पड़े हैं और उन पर जाले लग रहे हैं, जबकि मरीज बिना पंखे और ऑक्सीजन जैसी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं।

स्टाफ नर्स अपने कमरे में आराम करती रही और दरवाजा भी मुश्किल से खोला। पूरी रात मरीज दर्द से कराहते रहे, जबकि अस्पताल स्टाफ की संवेदनहीनता साफ नजर आई। अस्पताल परिसर की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। फर्श पर मरीज और तीमारदार सोने को मजबूर हैं, वहीं आवारा जानवर खुलेआम वार्डों में घूमते नजर आते हैं।

## मोबाइल छीनकर खाते से उड़ाए 55 हजार रुपये

**नवाबगंज, गोंडा:** बाइक सवार बदमाशों द्वारा किराना व्यापारी से मोबाइल छीनकर खाते से रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के चकशिवरहा निवासी जमील अहमद ने बताया कि कासिमगंज चौराहे पर उनकी किराने की दुकान है। शनिवार दोपहर वह नवाबगंज बाजार से दुकान का सामान खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में बाबापुरवा स्थित तालाब पुलिया के पास पीछे से पल्सर बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और ओवरटेक करते समय झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, कुछ देर बाद जानकारी हुई कि उनके बैंक खाते से 55 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# हादसा: टूटकर गिरी पेड़ की डाल बाइक सवार दो युवकों की मौत

## नवाबगंज-तरबगंज मार्ग पर मचा कोहराम, शादी का कार्ड बांटने निकले थे

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** भाई की शादी का कार्ड बांटने निकले बाइक सवार दो युवकों की सोमवार को एक हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा नवाबगंज तरबगंज मार्ग पर सोमवार को उस वक्त हुआ जब सड़क किनारे खड़े एक पीपल के पेड़ की भारी डाल अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर पड़ी और दोनों बाइक समेत उसी के नीचे दब गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद डाल को हटवाया लेकिन तब तक दोनों युवक दम तोड़ चुके थे। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


रिंकू यादव।


अमित यादव।

तरबगंज थाना क्षेत्र के शीर पुरवा धौरहरा घाट निवासी कांशीराम यादव के बड़े बेटे दुर्गेश यादव की शादी 28 अप्रैल को तय थी और घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। इसी सिलसिले में निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए उनका छोटा बेटा रिंकू यादव (20) अपने मामा के बेटे अमित यादव (19), निवासी हरनाटायर भोपतपुर के साथ बाइक से दुर्जनपुर घाट की ओर जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे जैसे ही वे पिपरी गांव स्थित परमहंस स्कूल के सामने पहुंचे, तभी सड़क किनारे लगे पीपल के पेड़ की मोटी डाल अचानक टूटकर सड़क पर गिर पड़ी। इससे पहले कि दोनों कुछ समझ पाते, वे डाल की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ की डाल कटवाकर दोनों शवों को बाहर निकलवाया और जाम खुलवाकर यातायात बहाल कराया।


नवाबगंज-तरबगंज मार्ग पर हुई घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### मातम में बदली शादी की खुशियां

इस घटना के बाद काशीराम के परिवार में कोहराम मचा है। शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। मृतक रिंकू यादव तीन भाइयों में सबसे छोटा था। जबकि दूसरा भाई पिंटू यादव है। बड़े भाई दुर्गेश की शादी 28 अप्रैल को होनी थी। घर में उत्सव का माहौल था। इसी बीच रिंकू सोमवार को अपने मामा के बेटे के साथ कार्ड बांटने निकला था। किसी को क्या पता था कि इस तरह का दुखद हादसा हो जायेगा। हादसे के बाद परिवार के लोग बदहवास हैं। जिस घर में शादी की खुशियां गूंज रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

### हादसे ने बुझा दिया घर का चिराग

हादसे में जान गंवाने वाला अमित यादव अपने परिवार का इकलौता बेटा था। अमित की एक बहन है। इस हादसे ने उसके घर का चिराग बुझ गया है। अमित के माता पिता व बहन बदहवास हैं। उन्हें घटना पर यकीन ही नहीं हो रहा। परिवार में कोहराम मचा है।

### संदिग्ध हालात में घर में लगी आग भूसा और घरेलू सामान स्वाहा

**तरबगंज, गोंडा :** तरबगंज थाना क्षेत्र के भानपुर चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत पकड़ी के मजरा हरदी गडहा में रविवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर में लगी भीषण आग ने पूरे गांव का माहौल तनावपूर्ण कर दिया। रात करीब 1:30 बजे सुमन नाम की महिला के घर में अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग इतनी तेज थी कि घर में रखा भूसा, घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। साथ ही पड़ोस के एक छप्पर में रखा भूसा भी इसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पीड़िता सुमन ने इस आगजनी को हादसा मानने से इनकार करते हुए इसे साजिश करार दिया है। उनका आरोप है कि पास में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि करीब दो महीने पहले पड़ोसी की बेटी अपनी ससुराल न जाकर पीड़िता के बेटे राजेश के साथ चली गई थी। बाद में दोनों को ढूंढकर समझौता करा दिया गया था, लेकिन उसी विवाद को लेकर अब आगजनी की आशंका जताई जा रही है। सुमन का यह भी आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर भानपुर चौकी पहुंचीं तो पुलिस ने उनका प्रार्थना पत्र लेने से इनकार कर दिया।

### गर्मी से राहत के लिए चौराहों पर लगेंगे प्याऊ

**करनैलगंज, अमृत विचार :** एसडीएम नेहा मिश्रा ने लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने करनैलगंज, परसपुर और कटरा बाजार नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को नगर के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ लगवाने के निर्देश दिए हैं। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। अधिकांश इंडिया मार्का हैंडपंप जवाब दे चुके हैं। स्थिति यह है कि बाजार आने-जाने वाले लोगों को मजबूरन 20 रुपये प्रति लीटर तक पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक कहीं भी प्याऊ शिविर शुरू नहीं किए गए थे। समस्या की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को एसडीएम ने तीनों नगर पंचायतों को पत्र जारी कर प्रत्येक प्रमुख चौराहे पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए ताकि लोगों को राहत मिल सके।


महिलाओं की समस्याएं सुनतीं आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

### मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 14 महिलाओं ने उठाईं समस्याएं

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल मुख्यालय स्थित आयुक्त कार्यालय में सोमवार को आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनसुनवाई में कुल 14 महिलाओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा सशक्त मंच उपलब्ध कराना है जहां वे अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन के उच्च स्तर तक पहुंचा सकें। आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पांच दिन के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, तत्परता और पारदर्शिता जरूरी है। स्पष्ट किया कि महिला शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान अपर आयुक्त देवीपाटन मंडल भी उपस्थित रहे।

### किसान संतुलित उर्वरक का करें प्रयोग


दीनदयाल शोध संस्थान में प्रशिक्षण लेते किसान। अमृत विचार

**बालपुर, गोंडा :** दीनदयाल शोध संस्थान लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में संतुलित उर्वरकों का प्रयोग विषय पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें 40 किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. त्रिपाठी ने मृदा परीक्षण आधारित उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा वर्मीवॉश जैसे जैविक विकल्पों पर जानकारी दी। कृषि अभियंता इंजीनियर मिथलेश कुमार झा ने आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उर्वरकों के वैज्ञानिक प्रयोग पर प्रकाश डाला। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक मिश्रा ने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं उसके लाभों की जानकारी दी। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. सुधांशु ने वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने पर बल दिया। किसानों ने वैज्ञानिकों से संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

### हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** बार एसो. एवं सिविल बार एसो. के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मुलाकात कर ग्राम एलनपुर नौसी, थाना धानेपुर निवासी अधिवक्ता संजय कुमार दूबे के पिता की हत्या के मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बार अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी व सिविल बार अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी ने किया। संचालन महासचिव सुनील कुमार पाण्डेय एवं सिविल बार के महासचिव गौरी शंकर चतुर्वेदी ने किया। अधिवक्ताओं ने एसपी को दिए ज्ञापन में कहा मुख्य आरोपी सहित अन्य नामजद खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को धमका रहे हैं। अधिवक्ताओं ने थाना धानेपुर में दर्ज मामले में हत्या से संबंधित गंभीर धाराएं, धारा 302 समेत अन्य उपयुक्त धाराएं बढ़ाने तथा आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर भी जोर दिया गया।

### गोवंशों के संरक्षण को लेकर बने कानून


प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन देते लोग। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा :** सोमवार को गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मात्र छह माह के नन्हे बालक आविर्भव त्रिपाठी के हाथों से पीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुभद्र प्रसाद को तहसील परिसर में सौंपा गया। इस अनूठी पहल ने अभियान को विशेष पहचान दिलाई। पीएम को संबोधित ज्ञापन में देशभर में देशी गोवंश की विधिवत सेवा, पूर्ण सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सम्मान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग की गई। साथ ही गो पालन मंत्रालय की स्थापना का प्रस्ताव भी रखा गया। ज्ञापन में कहा गया कि गोवंश भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, जिसकी सुरक्षा जरूरी है। इस मौके पर विद्या प्रसाद शुक्ला, शिवकुमार तिवारी, विश्व हिंदू महासंघ के गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री शांति भूषण त्रिपाठी, कृष्ण मोहन, रामकृपाल गिरी, ज्ञान प्रकाश पांडेय, सुनीत शुक्ला, सुभाष उपाध्याय, देवी प्रसाद शुक्ला, पुष्पा देवी, दिनेश कुमार पांडे, शक्ति लाल आदि मौजूद रहे।


मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी को ज्ञापन देते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

### पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग, प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

**धानेपुर, गोंडा :** पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रशासक की नियुक्ति होने की आहट के बीच चुनाव को समय पर कराने को लेकर प्रधान मुखर होने लगे हैं। सोमवार को मुजेहना ब्लॉक के 58 ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग को लेकर आवाज उठाई। प्रधान संगठन ने सीएम को संबोधित ज्ञापन मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी को सौंपा। ज्ञापन में प्रधानों ने आशंका जताई कि पंचायत चुनाव में देरी हो सकती है, ऐसे में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जाए ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था की निरंतरता बनी रहे। ग्राम पंचायतों का वर्तमान कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा है। इसके पहले चुनाव कराना अब संभव नहीं रह गया है। इसके पीछे कई कारण हैं। इनमें मतदाता सूची पुनरीक्षण में विलंब, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार ट्रिपल टेस्ट के आधार पर आरक्षण प्रक्रिया पूरी न होना शामिल है। प्रधान संघ के अध्यक्ष विनोद सिंह का कहना है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशासनिक जिम्मेदारी देकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखा गया है जो एक व्यावहारिक समाधान हो सकता है। इस मौके पर विनोद सिंह, सभाजीत पाण्डेय, राकेश मौर्या, राजकुमार सिंह रहे।

# 8900 ने दी परीक्षा, 2140 रहे गैरहाजिर

**होमगार्ड भर्ती**

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जिले में सोमवार को आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन की ओर से बनाए गए 14 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया।प्रथम पाली में 5520 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4427 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1093 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में भी 5520 अभ्यर्थियों में से 4473 ने परीक्षा दी और 1047 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 11040 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 8900 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 2140 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की गई। इस दौरान आईजी अमित पाठक समेत अन्य अफसर भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अधिकारियों के अनुसार पूरे जिले में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई तथा कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। परीक्षा खत्म होते ही शहर के विभिन्न चौराहा पर जाम लग गया जिससे लोगों को काफी समस्या का सामना भी करना पड़ा।


परीक्षा का सीसीटीवी फुटेज देखते आईजी अमित पाठक। अमृत विचार

### पूर्व सांसद ने दिया जल संरक्षण का संदेश


एक कार्यक्रम में शामिल पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह। अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा :** सहालग के इस दौर में पानी की बर्बादी रोकने को पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक अनूठी पहल की है। रविवार शाम क्षेत्र के एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए पूर्व सांसद ने न केवल जल संरक्षण का संदेश दिया बल्कि स्वयं अमल करके भी दिखाया। उन्होंने बोतल से थोड़ा पानी पीने के बाद उसे फेंका नहीं बल्कि ढक्कन बंद कर अपने साथ ले गए। कहा जानकारी के अभाव में आयोजक मेहमानों को एक-एक लीटर की पानी की बोतलें दे रहे हैं। लोग इनमें से दो घूंट पानी पीकर बोतल को फेंक देते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में जल की बर्बादी होती है। कहा पानी एक प्राकृतिक संपदा है जिसे बनाया नहीं जा सकता इसे केवल बचाया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र के आयोजकों से अपील की कि वे बड़े बोतलों के स्थान पर छोटे पानी के बोतलों (200-250 मिली) का प्रयोग करें।

**समारोह** — कॉलेज प्रबंधक ने टॉपर्स को साइकिल भेंट कर बढ़ाया हौसला

# बेटियों ने बढ़ाया मान, मेधावी छात्राओं को मिला सम्मान

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** धानेपुर स्थित बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कॉलेज के प्रबंधक नित्यानंद शुक्ला ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रतिमा तिवारी को साइकिल भेंटकर उसका उत्साह बढ़ाया। वहीं दूसरे स्थान हासिल करने वाली प्रतिज्ञा कुमारी तथा तृतीय स्थान पर रहीं रूबी को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक नित्यानंद शुक्ला ने कहा कि विद्यालय की छात्राएं लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां शिक्षित होंगी, तभी समाज का समग्र विकास संभव है। गरीबी उन्मूलन में शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अन्य श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के लिपिक जगदम्बा प्रसाद कनौजिया ने बताया कि केवल टॉप स्थान पाने वाली छात्राओं ही नहीं, बल्कि तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में आने वाली छात्राओं को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया जिससे अन्य छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिल सके। इस दौरान कालेज की प्रधानाचार्य समेत सभी शिक्षिकाएं व विद्यालय स्टाफ के लोग मौजूद रहे।


मेधावी छात्रा को सम्मानित करते प्रबंधक।

### बस स्टैंड की उपयोगिता पर उठाया सवाल

प्रबंधक नित्यानंद शुक्ल ने ग्रामीण क्षेत्रों में बने बस अड्डों के उपयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि करोड़ों खर्च होने के बावजूद कई स्थानों पर बस अड्डे उपयोगहीन पड़े हैं। अलावल देवरिया से लेकर आनंद नगर और रामनगर तक ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है। उन्होंने भीषण गर्मी में छात्राओं को होने वाली समस्याओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। प्रशासन से मांग की कि विद्यालयों के आसपास छात्राओं के लिए छायादार बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित हो।

### ई-रिक्शा ने ली दिव्यांग की जान एक घायल, चालक हिरासत में

**कटरा बाजार, गोंडा :** कटरा-आर्यनगर मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा की टक्कर से एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य साइकिल सवार घायल हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, चहलवा गांव निवासी मथुरा प्रसाद रोज की तरह साइकिल पर गुड़ की पट्टी बेचने निकले थे। वह चरेरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि सामने से तेज रफ्तार में आ रहा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर उनकी साइकिल से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा मथुरा प्रसाद को घसीटते हुए गड्ढे में जा घुसा। हादसे में मथुरा प्रसाद के सिर और पेट में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बहराइच जनपद के गंगा जमुनी गांव निवासी हनुमान प्रसाद भी इस दुर्घटना की चपेट में आ गए, जिससे उन्हें चोटें आई हैं और उनकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपनिरीक्षक पेशकार यादव ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में एक साइकिल सवार की मौत हुई है। ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रुक्मिणी विवाह प्रसंग से भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**नवाबगंज, गोंडा :** नगर के पड़ाव मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में रविवार को कथा प्रवाचक आचार्य डॉ. संत शरण त्रिपाठी ने गोपी-उद्धव संवाद एवं रुक्मिणी विवाह का विस्तृत वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति, प्रेम और विरह के भाव में डूबकर भावविभोर हो उठे। कथावाचक ने गोपी-उद्धव संवाद का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा चले गए, तब ब्रज की गोपियां उनके विरह में व्याकुल रहने लगीं। श्रीकृष्ण ने अपने परम मित्र उद्धव को ब्रज भेजा, ताकि वे गोपियों को ज्ञान का उपदेश देकर उनके दुख को कम कर सकें। उद्धव ने गोपियों को योग, ज्ञान और वैराग्य का उपदेश दिया, लेकिन गोपियों ने अत्यंत सरल शब्दों में समझाया कि उनका प्रेम सांसारिक नहीं, बल्कि पूर्णत: दिव्य और आत्मिक है। उनके लिए श्रीकृष्ण ही जीवन, प्राण और परम सत्य हैं। गोपियों की निष्काम, निस्वार्थ और अखंड भक्ति को देखकर उद्धव स्वयं भावविभोर हो गए और उन्होंने स्वीकार किया कि ऐसा प्रेम और भक्ति ज्ञान से भी श्रेष्ठ है।

## न्यूज ब्रीफ

### अब गांवों में ही मिलेंगी सरकारी सेवाएं

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं के लिए अब ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जिले की 21 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर की तैनाती कर ग्राम सचिवालयों को सक्रिय कर दिया गया है। जिलाधिकारी की मंजूरी के बाद चयन प्रक्रिया पूरी कर सहायकों को संबंधित पंचायतों में तैनात किया गया है। अब आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा और अन्य योजनाओं से जुड़े आवेदन गांव स्तर पर ही किए जा सकेंगे। इससे ग्रामीणों के समय और खर्च दोनों में राहत मिलेगी। विभागीय अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि पंचायत सहायक नियमित रूप से सचिवालय में बैठकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें और ऑनलाइन सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करें। अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से ग्राम सचिवालयों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और योजनाओं का लाभ पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से ग्रामीणों तक पहुंच सकेगा।

### अब तक 2500 लोगों के काटे कनेक्शन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बिजली बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक जिले में करीब ढाई हजार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा जा चुका है। उपखंड अधिकारी गौरव शर्मा ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल काफी दिनों से लंबित है। उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

### 200 युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन के तहत 200 युवाओं को हेल्थ केयर सेक्टर (स्वास्थ्य क्षेत्र) में हास्पिटल फ्रंट डेस्क कोआर्डिनेटर के रूप में निशुल्क प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। जिला मिशन प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 100 युवाओं को उतरौला व इतने को ही श्रीदत्तगंज में स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है।

### कार्डधारकों को कल तक मिलेगा राशन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों का मार्च का राशन 28 अप्रैल तक किया जाएगा। डीएसओ कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि राशन वितरण हो रहा है। कार्डधारक अपने उचित दर विक्रेता के यहां से राशन प्राप्त कर सकते हैं।

### हैंडपंप खराब होने से श्रद्धालुओं को परेशानी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** रानी तालाब स्थिति हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगा इंडिया मार्का हैंडपंप कई माह से खराब है। ऐसे में दर्शन करने के लिए आने वाले लोगों को परेशानी होती है। श्रद्धालु दीपक कुमार, मनोज कुमार, उमेश, पवन, सुरेश कुमार ने हैंडपंप की मरम्मत कराने की मांग की है।

### संदिग्ध हाल में ई-रिक्शा चालक की गई जान

**इटियाथोक, गोंडा :** सिसई बहलोलपुर का बृजलाल पासवान (42) रविवार को घर से ई-रिक्शा लेकर निकला था। गोंडा इटियाथोक मार्ग पर एक मदरसे के पास वह सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# नारी सम्मान पर गरजे प्रभारी मंत्री सम्मेलन के बाद निकाली पदयात्रा

## जिला पंचायत सभागार में जन आक्रोश महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन



महिला जन आक्रोश रैली के बाद विपक्ष का पुतला दहन करते प्रभारी मंत्री व अन्य।



कलेक्ट्रेट सभागार में मेधावियों का सम्मान करते प्रभारी मंत्री व अन्य। अमृत विचार

संवाददाता बलरामपुर

**अमृत विचार:** जिला पंचायत सभागार में "नारी शक्ति का स्वाभिमान, विपक्ष ने फिर किया अपमान" विषय पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेते हुए नारी सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। सम्मेलन के बाद महिलाओं ने पदयात्रा निकालकर संतोषी माता मंदिर के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सचान (प्रभारी मंत्री) ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मजबूत भागीदारी निभा रही हैं और देश की प्रगति में अहम योगदान दे रही हैं। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले बयानों का आरोप लगाते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और उसके सम्मान से ही समृद्ध समाज की कल्पना संभव है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। सम्मेलन में अंजली मिश्र, ललिता तिवारी सहित कई वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समानता पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, राम प्रताप वर्मा, शैलेश कुमार सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अंत में आरती तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मेधावी छात्रों पर बरसा सम्मान, प्रभारी मंत्री ने बढ़ाया हौसला, उज्ज्वल भविष्य का दिया संदेश

**बलरामपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के मेधावी छात्र-छात्राओं का सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश सचान (प्रभारी मंत्री) ने मेधावियों को मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जनपद स्तरीय मेरिट में हाईस्कूल वर्ग में अंशुमान गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुभव मिश्रा और अरुण कुमार संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। सौरभ वर्मा, आयुष कसौधन और वंदना वर्मा ने क्रमश: तीसरा, चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट वर्ग में भावना यादव ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अमरजीत, मोहम्मद रेहान, धर्मेन्द्र और नैन्सी त्रिपाठी ने शीर्ष पांच में स्थान बनाया। इसके अलावा राजकीय विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में पवन कुमार वर्मा, कोमल यादव, अंशिका जायसवाल, अभय गुप्ता व मैना तथा इंटरमीडिएट में मंजीत कुमार, सोनल पाण्डेय, मरियम, रोशनी देवी, मनोरखा और अतुल को सम्मान मिला। इस अवसर पर सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह, डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से ही सफलता मिलती है, और ये मेधावी छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं।

## 131 पदों के लिए 110 अभ्यर्थियों का हुआ इंटरव्यू

**बलरामपुर, अमृत विचार:** जनपद में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया ने सोमवार को रफ्तार पकड़ ली। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया, जिसमें बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया।

विभागीय जानकारी के अनुसार 131 रिक्त पदों के सापेक्ष आयोजित साक्षात्कार में 110 अभ्यर्थी शामिल हुए। चयन समिति ने उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, शिक्षण कौशल और विषयगत समझ का गहन मूल्यांकन किया। खास तौर पर बाल शिक्षा से जुड़ी उनकी व्यवहारिक समझ और संवाद क्षमता को परखा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए योग्य शिक्षकों का चयन बेहद आवश्यक है, जिससे बच्चों की बुनियादी शिक्षा बेहतर हो सके और उन्हें इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। अधिकारियों का मानना है कि ईसीसीई एजुकेटर्स की तैनाती से आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों के बीच समन्वय मजबूत होगा। इससे बच्चों के भाषा विकास, सीखने की क्षमता और बुनियादी कौशल में सुधार आएगा और उनके सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

### पैरा खिलाड़ियों को मिले आधुनिक उपकरण



सहायक उपकरण पाकर खुशी जताते पैरा खिलाड़ी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पैरा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाने से उन्हें नया संबल मिला है। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित ऑटोबॉक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बलरामपुर के टेबल टेनिस खिलाड़ी हर्षवर्धन दीक्षित व राजू पांचाल को उनकी जरूरत के अनुरूप उन्नत उपकरण प्रदान किए गए। हर्षवर्धन दीक्षित को नई स्पोर्ट्स व्हीलचेयर दी गई। वहीं राजू पांचाल को उन्नत कृत्रिम अंग सहयोग प्रदान किया गया जो उनके खेल प्रदर्शन को और बेहतर बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने मौके पर ही उपकरणों की फिटिंग कर उपयोग संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी। इस अवसर पर पैरा बैडमिंटन कोच गौरव खन्ना के योगदान की सराहना की गई। उन्होंने कई पैरा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

### जेई पर हमले के विरोध में इंजीनियरों का धरना



मारपीट के विरोध में प्रदर्शन करते जूनियर इंजीनियर। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग में जूनियर इंजीनियर के साथ कथित मारपीट के विरोध में सोमवार को बाढ़ खंड परिसर में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में इंजीनियरों और कर्मचारियों ने एकत्र होकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संघ पदाधिकारियों के अनुसार 24 अप्रैल को दोपहर करीब 1:15 बजे बाढ़ खंड कार्यालय में जूनियर इंजीनियर अरुण कुमार पर अधिशासी अभियंता कक्ष में ही हमला किया गया। आरोप है कि राजेश कुमार, विकास माथुर, अनिल कुमार मिश्रा और शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। धरना की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष इंजीनियर हंसराज ने की। इस दौरान सुनील, जितेन्द्र, शिवपाल यादव, धर्मेन्द्र दूबे, गुरु प्रकाश संत और मंडल वित्त सचिव इंजीनियर अलीम अंसारी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कार्य बहिष्कार कर आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

### 50 लाख भुगतान के विवाद में ठेकेदार की पिटाई

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भुगतान विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां कमीशन न देने पर ठेकेदार की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल ठेकेदार को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। आवास विकास कॉलोनी, गोंडा निवासी ठेकेदार अमित कुमार ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से 2022-23 तक कराए गए कार्यों के करीब 50 लाख रुपये के भुगतान के लिए वह लंबे समय से विभाग के चक्कर लगा रहे थे। 10 अप्रैल को उन्हें तुलसीपुर कार्यालय बुलाया गया, जहां कथित रूप से अधिकारियों व जेई ने कमीशन की मांग की। इंकार करने पर उन्हें बंधक बनाकर पीटा गया। घटना में उनका बायां पैर टूट गया और कमर में गंभीर चोटें आईं। किसी तरह यूपी-112 को सूचना देकर वह बाहर निकले और थाने में शिकायत दी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। सिंचाई विभाग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



जिला उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद डीएम और अन्य। अमृत विचार

### डीएम का उद्योग-व्यापार को गति देने पर जोर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु, व्यापार बंधु, बैंकर्स समिति और जिला खाद्य सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, युवा स्वरोजगार योजना और निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने शीघ्र निस्तारण कर पात्र युवाओं को समयबद्ध ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैंकर्स को स्वरोजगार योजनाओं के मामलों को प्राथमिकता देने को कहा गया। वहीं खाद्य सुरक्षा समिति की समीक्षा में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज करने और लाइसेंस प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने पर जोर दिया गया। डीएम ने विभागों को समन्वय संग काम कर उद्योग-व्यापार को बढ़ावा देने और आमजन को सुरक्षित सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### 65 केयर टेकरों का रोका गया मानदेय

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्वच्छता व्यवस्था में ढिलाई बरतने वाले केयर टेकरों पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। सामुदायिक शौचालयों के संचालन और साफ-सफाई में लापरवाही की शिकायतों के बाद 65 केयर टेकरों का मार्च माह का मानदेय रोक दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि कार्य संतोषजनक न होने पर यह कदम उठाया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले की 793 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें 780 पंचायतों में शौचालय बनकर तैयार हो चुके हैं। इनके संचालन और नियमित सफाई की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को केयर टेकर के रूप में दी गई है। इसके बदले प्रत्येक को प्रति माह छह हजार मानदेय दिया जाता है। मार्च माह में कुल 780 केयर टेकरों में से 715 को मानदेय भुगतान कर दिया गया। 65 का भुगतान रोक दिया गया।



पचपेड़वा क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद पूर्व विधायक व अन्य। अमृत विचार

### विकास के लिए 11 करोड़ के प्रस्ताव पर मंथन

**पचपेड़वा, बलरामपुर :** ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक में विखं की 99 ग्राम पंचायतों के प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल हुए। बैठक में करीब 11 करोड़ के प्रस्ताव तैयार किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह (शैलू) ने किया। बैठक में नाली निर्माण, खड़ंजा, सीसी रोड और सड़कों की मरम्मत जैसे बुनियादी मुद्दों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से ग्राम पंचायतों में जल निकासी की समस्या को प्राथमिकता से उठाया गया। बैठक में आयुष्मान गोल्डन कार्ड, फसल बीमा, किसान दुर्घटना बीमा, किसान सम्मान निधि और विधवा, वृद्धा व निराश्रित महिला योजनाओं के बारे में बताया गया। इमलिया कोडर में खेल मैदान के सुंदरीकरण, पुराने सरकारी भवनों के जीर्णोद्धार, नारायनपुर थुमवा में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण और बैरिहवा में करीब डेढ़ सौ मीटर सीसी रोड जैसे प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। खंड विकास अधिकारी मोहित दुबे ने बताया कि कुल 11 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे। धनराशि उपलब्ध होते ही प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू कराया जाएगा।


**डिवाइन गंगा हायर सेकेण्ड्री स्कूल**
आमकोल, अयोध्या रोड, सुलतानपुर
प्रवेश प्रारम्भ – सत्र 2026-27 (इंग्लिश मीडियम)
आवश्यकता है
अनुभवी अध्यापक/अध्यापिकाओं की
● अंग्रेजी ● गणित ● विज्ञान ● हिंदी
कक्षा 1 से 10 तक पढ़ाने के लिये
आवेदन करने की अंतिम तिथि – 06/05/2026
सम्पर्क करें:- 9044436019, 9455244935, 8707372380
divineganga16@gmail.com
(सुलतानपुर से अयोध्या मार्ग पर 04 किमी की दूरी पर द्वारिकागंज क्रासिंग से पहले विद्यालय स्थित है।)


# जिले में पारा 42 डिग्री पार, लू से हाल बेहाल

**बलरामपुर, अमृत विचार:** जिले में भीषण गर्मी ने सोमवार को विकराल रूप ले लिया। दोपहर तक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचते ही जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के चलते सड़कों पर सन्नाटा छा गया, वहीं बाजारों में भी भीड़ कम नजर आई। सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और राहगीरों को उठानी पड़ रही है, जिनके लिए तपती दोपहर में काम करना मुश्किल हो गया है। मौसम आंकड़ों के अनुसार तुलसीपुर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि गैण्डास बुजुर्ग, पचपेड़वा और रेहरा बाजार में पारा 41 डिग्री से ऊपर बना रहा। तेज लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है। अस्पतालों में भी गर्मी से जुड़ी समस्याओं—चक्कर, उल्टी और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने हीट वेव एडवाइजरी जारी करते हुए स्वास्थ्य विभाग, नगर निकायों और संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और जरूरत पड़ने पर राहत उपाय तत्काल लागू करने को कहा गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें, अधिक से अधिक पानी, ओआरएस, नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी का सेवन करें। हल्के सूती कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें। एडवाइजरी में चेतावनी दी गई है कि खाली पेट बाहर न निकलें और बच्चों व पशुओं को बंद वाहनों में न छोड़ें। लू के लक्षण दिखने पर तुरंत छांव में आराम करें।



गर्मी से बचने का प्रयास करते राहगीर।



करनैलगंज तहसील में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते गौ सेवक। अमृत विचार

### गाय को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग

**करनैलगंज, गोंडा :** गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत सोमवार को नगर में समस्त हिन्दू जनमानस द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ गौ सम्मान दिवस मनाया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने तथा देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए सख्त कानून बनाए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम की शुरुआत श्री सिया जू कामधेनु गौशाला से हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। इसके बाद गौशाला से तहसील तक भव्य गौ यात्रा निकाली गई। यात्रा में गाय को प्रमुख स्थान दिया गया। कार्यक्रम में गौ सम्मान आवाहन अभियान के जिला प्रचारक वैदेही वल्लभ दास एवं कनक बिहारी दास विशेष रूप से मौजूद रहे। ब्रह्माकुमारी बहनों सहित क्षेत्र के अनेक समाज सेवकों और गणमान्य नागरिकों ने भागीदारी की। इस दौरान अरुण सिंह, हर्षित सिंह, कन्हैया लाल वर्मा, सोनू पुरवार, अशोक सिंघानिया, अरमान पुरवार, अनोखे लाल, शिवनंदन वैश्य, लक्ष्मी चंद खेतान, अनुज जायसवाल, अरुण वैश्य, मनीष भट्ट, प्रेम चंद्र सोनी, महेश सोनी, मुकेश गुप्ता, विजय मुन्ना सेठ, बालगोपाल वैश्य, राजू मोदनवाल, अप्पू मोदनवाल, घनेश मिश्रा, अंकित वैश्य, रामानंद मिश्रा, रवि सोनी, दिलखुश वैश्य, अनुज गुप्ता, मनीष शाह, आशीष पटवा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

### घर में घुसी बेकाबू कार चालक हुआ फरार

**धानेपुर, गोंडा :** धानेपुर थाना क्षेत्र के बाबागंज इटियाथोक मार्ग पर सोमवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसी। हादसे के बाद कार में सवार लोग वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बाबागंज निवासी रवींद्र मिश्रा ने बताया कि सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार कार अचानक संतुलन खो बैठी और सीधे उनके घर में घुस गई। इस दुर्घटना में मकान की दीवार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं घर में लगा नल और मोटर भी टूटकर खराब हो गया। हादसे के समय रवींद्र अपने घर में ही मौजूद थे। गनीमत रही कि कार दीवार से टकराने के बाद वहीं रुक गयी वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि रवींद्र पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद वाहन चालक व उसमें बैठे अन्य लोग कार छोड़कर भाग गए। घटना के बाद मौके पर लोग जुट गये। पुलिस वाहन सवारों की पहचान में जुटी है।

### एसडीएम नेहा मिश्रा ने दिव्यांग को दिलाई बैटरी ट्राई-साइकिल



ट्राई-साइकिल के साथ दिव्यांग अमरजीत।

**करनैलगंज, गोंडा :** तहसील दिवस की सार्थकता को साबित करते हुए एसडीएम नेहा मिश्रा ने एक दिव्यांग व्यक्ति को मोटर व्हीकल दिलाकर संवेदनशील प्रशासन की मिसाल पेश की है। ग्राम नंदौर नौशहरा निवासी अमरजीत ने बीते फरवरी माह में आयोजित तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर अपनी दिव्यांगता का हवाला देते हुए मोटर व्हीकल दिलाने की मांग की थी। एसडीएम नेहा मिश्रा ने अमरजीत को सहायता का भरोसा दिया था। उन्होंने बताया कि अमरजीत के दोनों पैरों से दिव्यांग होने की स्थिति देखकर एलिम्को कंपनी से संपर्क किया गया और मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने के लिए पैरवी की गई, जिस पर कंपनी सहमत हो गई। रविवार को अमरजीत को लखनऊ बुलाया गया, जहां कंपनी कार्यालय से उन्हें बैटरी संचालित ट्राई साइकिल प्रदान की गई। सोमवार को जब अमरजीत स्वयं ट्राई साइकिल चलाकर अपने गांव पहुंचे तो परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। क्षेत्र में भी एसडीएम की इस पहल की जमकर सराहना हो रही है। अमरजीत ने बताया कि वह कई वर्षों से बैटरी ट्राई साइकिल के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। एसडीएम ने उनकी परेशानी को समझा और जो आश्वासन दिया, उसे पूरा करके दिखाया। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि एसडीएम नेहा मिश्रा उनके लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। अमरजीत की मां राजलक्ष्मी ने कहा कि अब उनके बेटे को दैनिक कार्यों और आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह बैटरी ट्राई साइकिल उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक : 71/ न0पा0परि0सुल0/2026-27 दिनांक : 27 अप्रैल 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग मद के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों / फर्मो से दिनांक 07.05.2026 को सायं 3: 00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। किन्तु निविदादाताओं की अनुपस्थिति की स्थिति में निविदा खोले जाने का कार्य बाधित नहीं होगा। निविदा प्रपत्र, निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनाक 06.05.2026 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन0 एस0सी0 / डी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ-साफ शब्दों एवं अंकों में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। बिना कारण बताएं आंशिक अथवा समस्त निविदाएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियों किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0 टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिविल लाइन निकट बस स्टैण्ड के पास आजाद पार्क में फव्वारे का कार्य। | 2,57,032.00 | 3,03,298.00 | 25,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 2. | वार्ड सीताकुण्ड में श्री हनुमान मंदिर के परिसर में शौचालय का निर्माण कार्य। | 3,39,461.00 | 4,00,564.00 | 33,900.00 | 500+90 | 01 माह |
| 3. | वार्ड करौंदिया में दिलीप कुमार के मकान से नवीन श्रीवास्तव के मकान तक नाली, पटिया व इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 4,31,688.00 | 5,09,392.00 | 43,100.00 | 500+90 | 01 माह |
| 4. | वार्ड करौंदिया में शरद यादव की दुकान से फैयाज के मकान से होते हुए मकरन तिवारी मार्केट तक कबर्ड नाली एवं इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 4,40,223.00 | 5,19,700.00 | 44,000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 5 | वार्ड ठठेरी बाजार में रामलीला गेट के बगल शौचालय एवं यूरिनल का निर्माण कार्य। | 2,48,200.00 | 2,92,877.00 | 24,800.00 | 500+90 | 01 माह |
| 6 | नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के गोराबारिक में मिट्टी भराई कार्य। | 4,65,782.00 | 5,49,622.00 | 46,500.00 | 500+90 | 01 माह |

(लाल चन्द्र सरोज)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर।

(प्रवीन कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर।

**न्यूज ब्रीफ**

## सर्पदंश से दंपति की मौत, मचा कोहराम

**मिहींपुरवा (बहराइच), अमृत विचार :** मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित पडरिया ग्राम में सुनील अपने परिवार के साथ रहता है। रविवार की रात खाना खाने के बाद वो अपनी पत्नी सपना के साथ जमीन पर लेटा था। इसी दौरान घर में छिपे जहरीले सांप ने दोनो को डस लिया। चीख सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो कमरे में सांप को देख सभी के होश उड़ गए। गंभीर हालत में परिजन उन्हें इलाज के लिए लेकर देर रात बहराइच जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतक सुनील के पिता गोरखनाथ ने बताया कि सुनील भट्ठे पर ईंट पाथने का काम करता है। रात को सभी ने एक साथ खाना खाया और अपने कमरे में चले गए। देर रात अचानक से बहु और बेटे के चीखने की आवाज सुन दौड़े तो वहां पर सांप को देख दोनों को इलाज के लिए लेकर अस्पताल आए थे। जहां पर उनकी मौत हो गई।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** गिलौला थाना क्षेत्र के बंसभरिया पुरैना गांव निवासी प्रदीप कुमार (25) पुत्र नीबर का शव शनिवार रात उसके फूस के घर में बड़ेर के सहारे फांसी के फंदे से लटका पाया गया। प्रदीप कुमार के माता-पिता गांव में बने दूसरे घर पर रहते हैं। जबकि प्रदीप अपनी पत्नी के साथ दूसरे घर पर रहता था। घटना के दिन उसका उसकी पत्नी से कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर अपने ससुर के घर पर चली गई। कुछ घंटे बाद जब उसकी मां घर आई तो प्रदीप का शव साड़ी के फंदे में बड़ेर के सहारे लटक रहा था। शव देहते ही मां चीखने चिल्लाने लगी। जिसे सुन उसकी पत्नी व पिता भी मौके पर आ गए। साथ ही गांव के लोग एकत्र हो गए। लोगों की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दूसरे दिन नदी में मिला डूबे किशोर का शव

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार :** सोनवा क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी कौशल कुमार (15) पुत्र दिलीप कुमार रविवार दोपहर में गांव के बाहर बह रही राप्ती नदी में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में डूबने से लापता हो गया था। सूचना पर दमकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे सोनवा थानाध्यक्ष विशुनदेव पांडेय ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में किशोर की तलाश करवाई, लेकिन उसका सुराग तब भी नहीं लग सका। करीब 22 घंटे बाद सोमवार को राप्ती में डूबे किशोर का शव घटनास्थल से 100 मीटर की दूर पानी में उतराता मिला। लोगों ने शव बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी।

## मानदेय न मिलने से भड़के रोजगार सेवक

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार :** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पयागपुर में ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया पिछले 15 अप्रैल से कलम बंद हड़ताल पर काम काज ठप करके बैठे रोजगार सेवकों ने आज ब्लॉक मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया पांच महीने से मानदेय न मिलने और ईपीएफ की धनराशि खातों में जमा न होने से नाराज कर्मियों ने ब्लॉक अध्यक्ष रमेश शुक्ला की अगुवाई में धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) को सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। धरना प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष रमेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी, संतोष पांडे, स्वामीदयाल, रमेश चंद्र मिश्रा, सावित्री देवी, निमिषा, जगदम्बा प्रसाद, राज कुमार, विमल श्रीवास्तव, कौशल, हरिओम आदि लोग मौजूद रहे।

# वाहन ने बाइक को मारी टक्कर , तीन की मौत

## मांगलिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे तीनों युवक, हादसे में दो चचेरे भाइयों की गई जान



हादसे में मृत युवकों की फाइल फोटो ।

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, वही तीसरे की हालत गम्भीर देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। मृतकों में दो चचेरे भाई हैं।

बौंडी थाना क्षेत्र में स्थित चुन्नी लाल पुरवा ग्राम के रहने वाले उत्तम चौहान अपने चचेरे भाई अजय चौहान व ग्राम के रहने वाले रिंकू जायसवाल के साथ बाइक से रामगांव थाना क्षेत्र में स्थित गढ़वा ग्राम में रविवार की रात मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे , जब सभी देर रात वापस घर लौट रहे थे। तभी करीब दो बजे नौतला ग्राम के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसके चलते तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी पर थाना प्रभारी गुरुसेन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने रिंकू व उत्तम को मृत घोषित कर दिया, वही अजय को इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हुई है, दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जायेगी।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई रोडवेज बस, सात घायल, बहराइः** देहात कोतवाली इलाके में स्थित बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर देर रात यात्रियों को लेकर आ रही परिवहन निगम की बस की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार सात यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित टिकोरा मोड़ के पास रविवार रात करीब एक बजे कानपुर से यात्रियों को लेकर आ रही बस की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। जिसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई । हादसे में बस में सवार श्रावस्ती जनपद के सिरसिया इलाके की रहने वाली सुनीता, अर्जुन चौहान, गीता यादव समेत सात लोग घायल हो गए, घटना की जानकारी पर टिकोरा मोड चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर चिकित्सकों की ओर से सभी का इलाज किया जा रहा है। वहीं चौकी इंचार्ज शैलेंद्र ने बताया कि घायलों की हालत खतरे से बाहर है। ये सभी लोग कानपुर से श्रावस्ती जा रहे थे। तभी रास्ते में हादसा हो गया।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से छात्रा की मौत, घर में मचा कोहराम



दिव्या सिंह की फाइल फोटो।

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार।** लखनऊ-गोंडा मार्ग पर छतौनी चौराहे के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 14 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार भंभुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कमियार, बछलन पुरवा निवासी दिव्या सिंह (14) पुत्री विनोद सिंह कक्षा 9 की छात्रा थी। वह हाल ही में आरपीएस इंटर कॉलेज, जरवल रोड में दाखिला लेकर पढ़ाई कर रही थी। प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी वह साइकिल से छतौनी चौराहे तक गई, वहां से ऑटो पकड़कर जरवल रोड बस स्टॉप पहुंची और स्कूल गई। दोपहर बाद छुट्टी के बाद वह ऑटो से वापस छतौनी चौराहे उतरी। सड़क पार करते समय लखनऊ से गोंडा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रा को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। बेटी की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। जरवलरोड पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, हादसे के बाद चालक कार सहित फरार हो गया भंभुआ पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए जरवल रोड पुलिस ने बहराइच भेज दिया।

# गौशालाओं और ग्रामीण विकास के कार्यों की होगी जांचः सीडीओ



मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत करते नवागंतुक सीडीओ सुनील कुमार धनवंता।

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** नवागन्तुक मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता (आईएएस) ने कहा है कि गौशालाओं और ग्रामीण विकास के कार्यों में की जाने वाली अनियमितताओं पर वह शीघ्र ही एक बड़ा कदम उठाने वाले हैं सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शीघ्र ही वह एक टीम का गठन कर इसकी जांच कराना सुनिश्चत करेंगे।

सीडीओ गुरुवार को पदभार ग्रहण करने के उपरान्त सोमवार को विकास भवन सभागार में मीडिया कर्मियों के साथ परिचात्मक बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक-एक मीडिया कर्मियों से विकास कार्यों को लेकर बात कर रहे थे। इस दौरान मीडिया कर्मियों ने जिले की बदहाल गौशालाओं की बड़ी मार्मिक तस्वीर बयां की। बताया गया कि इन गौशालाओं में गोवंश भूख से दम तोड़ रहे हैं तो नवागंतुक सीडीओ ने अपने पहले ही दौरे में गौशालाओं का निरीक्षण करने और दोषियों को कानूनन सजा दिलाये जाने की बात कही। इसी दौरान उनको ग्रामीण विकास योजनाओं में बंदरबाट करने की बात भी बतायी गयी जिसपर सीडीओ ने शीघ्र ही कदम उठाये जाने का आश्वासन दिया।

सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि वह राजस्थान के मूल निवासी हैं तथा प्रारम्भिक शिक्षा वहीं से प्राप्त की है। वर्ष 2022 बैच के आईएएस अधिकारी सुनील कुमार धनवंता जिले में तैनाती से पूर्व आजमगढ़ जनपद में ज्वाइण्ट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत रहे हैं।

# बहन का तिलक ले जा रहे युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** कलकलवा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के निकट रविवार देर शाम तेज रफ्तार मैजिक ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बहन की तिलक ले रहे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इस दौरान बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें भिनगा रेफर किया गया है।

सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम कोनहा निवासी ननकू (40) पुत्र जगदेव ने अपनी बहन का विवाह थाना क्षेत्र के ग्राम अतरपरी में तय किया था। रविवार शाम वह बाइक से अपनी बहन का तिलक लेकर अतरपरी जा रहा था। इस दौरान बाइक पर उसके साथ गांव का ही बच्छराज (20) व दिव्यांशु (13) भी था। जैसे ही वह बाइक लेकर थाना क्षेत्र के कलकलवा मोड़ स्थित जिओ पेट्रोल पंप के पास पहुंचा। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार मैजिक ने अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में ननकू की मौके पर ही मौत हो गई। वही बच्छराज व दिव्यांशु गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी सिरसिया पहुंचाया, जहां से दोनों की हालत नाजुक देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। वही घटना के बाद चालक वाहन छोड़ मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने मैजिक व बाइक को कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। वहीं युवक की मौत के बाद जहां तिलक की खुशियां मातम में बदल गई, वहीं परिवार में कोहराम मच गया है।

# वाहनों की भिड़ंत में छह लोग घायल

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जरवल कस्बा स्थित कटी पुल के समीप हुआ, जहां एक इलेक्ट्रिक कार और मारुति सुजुकी ईको की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को वाहनों से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद भेजा।

अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने चार घायलों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। घायलों की पहचान निरंजन

**हादसा**



आपस में भिड़ीं कारें। अमृत विचार

सिंह (36 वर्ष) पुत्र रामगोपाल निवासी चारबाग, लखनऊ, गुड्डू (25 वर्ष) पुत्र बेचू निवासी ग्राम बदुल्ला पुरवा थाना रिसिया, नूरजहां (30 वर्ष) पत्नी लाखन निवासी रहमान नगर बेड़नापुर, पप्पू (25 वर्ष) पुत्र जगदीश, विजय राज साहनी (52 वर्ष) पुत्र काशी राम साहनी निवासी मिहिपुरवा तथा शहजादी (16 वर्ष) पुत्री साकिर निवासी रहमान नगर बेड़नापुर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल निरंजन सिंह, गुड्डू, नूरजहां और पप्पू को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**दो बाइकों की भिड़ंत, दो घायल, पयागपुरः** पयागपुर थाना क्षेत्र के शिवदहा चौराहे के पास सोमवार को दो मोटरसाइकिलों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। राहगीरों की सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर पहुँचाया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एक पल्सर और प्लैटिना बाइक की शिवदहा चौराहे पर आपस में टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों चालक उछलकर दूर जा गिरे। घायलों में अरविन्द पुत्र बालगोपाल निवासी ग्राम हरदाही, थाना विशेश्वरगंज तथा शिवा पुत्र मुक्तयार निवासी ग्राम पैड़ी, थाना पयागपुर के रूप में हुई है।

## श्रावस्ती में 30 उपनिरीक्षकों के कार्यस्थल बदले

**संवाददाता, श्रावस्ती, अमृत विचार।** पुलिस महकमे में रविवार रात बड़ा फेरबदल किया गया है। राजकीय कार्यों के कुशल संपादन के लिए एसपी राहुल भाटी ने 30 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसमें अधिकांश पुलिस चौकी प्रभारियों के कार्यस्थल बदले गए हैं। मानीटरिंग सेल के प्रभारी रहे उपनिरीक्षक जयहरि मिश्र को नवीन मार्डन थाना कटरा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। लक्ष्मनपुर चौकी प्रभारी रहे शमशाद अली को भिनगा कस्बा चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। सेमरी चौकी प्रभारी सुरेश साहनी को चौकी प्रभारी जिला कारागार, सिरसिया के बाबा विभूतिनाथ चौकी प्रभारी जीतेंद्र राय को लक्ष्मनपुर चौकी का प्रभारी, पतिझिया चौकी प्रभारी प्रेमानंद को सेमरी, भंगहा चौकी प्रभारी जयवेंद्र कुमार को बंठिहवा, नासिरगंज चौकी प्रभारी विवेक राठौर को सिविल लाइन भिनगा, सोनवा थाने में तैनात रहे अनुराग सिंह को पुलिस चौकी प्रभारी पतिझिया बनाया गया है। वहीं सिविल लाइन चौकी प्रभारी रामभवन प्रजापति को भंगहा, हरबंशपुर चौकी प्रभारी वीरपाल सिंह तोमर को राजपुर मोड़, सिरसिया थाने में तैनात रहे आदर्श कुमार मौर्या को चौकी प्रभारी विभूतिनाथ, हरदत्तनगर गिरंट थाने के आलोक चंद्रा को चौकी प्रभारी परसा डेहरिया की जिम्मेदारी दी गई है। मल्हीपुर थाने के सत्यजीत को चौकी प्रभारी जमुनहा, योगेंद्र बाबू को मल्हीपुर थाना, चौकी प्रभारी परसा डेहरिया चंद्रोदय मिश्रा को चौकी प्रभारी हरबंशपुर, इकौना थाने के विशाल यादव को इकौना कस्बे का चौकी प्रभारी बनाया गया है। भिनगा कस्बा चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह को सेमगढ़ा चौकी प्रभारी, चंद्रखा बुजुर्ग चौकी प्रभारी अब्दुल खैर सिद्दीकी को थाना इकौना, सोनवा थाने के अरुण कुमार सिंह को चौकी प्रभारी सीताद्वार, बंठिहवा चौकी प्रभारी गुलामचंद्र चौधरी को चौकी प्रभारी सेमरी तरहर, सिरसिया थाने के जीतेंद कुमार वर्मा को चौकी प्रभारी लक्ष्मननगर, गौरव सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी नासिरगंज, राज सजीवन निषाद को सेमरी तरहर चौकी से चंद्रखा बुजुर्ग चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। गिलौला थाने के पंकज गुप्ता को चौकी प्रभारी रमवापुर, राजपुर मोड़ चौकी प्रभारी दीपक गिरि को चौकी प्रभारी कटरा, कटरा चैकी प्रभारी रहीं अंजली वर्मा को नवीन मार्डन थाना कटरा भेजा गया है। लक्ष्मननगर चौकी प्रभारी दिनेश कुमार वर्मा को थाना गिलौला, सीताद्वार चौकी प्रभारी प्रयागदत्त चौबे, रमवापुर पुलिस चौकी प्रभारी रमेश सिंह व सेमगढ़ा पुलिस चौकी प्रभारी रहे घनश्याम गुप्ता को पुलिस लाइन भेजा गया है।

# नदी, नहर व पोखर में स्नान करने से बचें

संवाददाता, श्रावस्ती

**डीएम ने की अपील**

**अमृत विचार।** जिले मे लगातार डूबकर हो रही मृत्यु चिंता का विषय है। ऐसे में सोमवार को डीएम/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अन्नपूर्णा गर्ग ने अपील किया है कि लोग नदी, नहर व पोखरों में स्नान करने से बचें।

डीएम ने अभिभावकों से अपने बच्चों पर सजग दृष्टि रखने को कहा है, ताकि अनहोनी न हो। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया है कि जिला पंचायत से चयनित सभी 76 घाटों पर प्राधिकरण से उपलब्ध लाइफ जैकेट अनिवार्य रूप से रखे। घाटों पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षित बनाएं, वहां बचाव के लिए रस्सी, नाव, नाविक आदि की तैनाती हो। डीआईओएस व बीएसए को स्कूल की प्रार्थना में बच्चों को डूबने व हीटवेव से बचाव के लिए को जागरूक करने का निर्देश दिया।



डीएम अन्नपूर्णा गर्ग। अमृत विचार

### बच्चों को रोकें

जिलाधिकारी ने कहा कि उफनाई नदी, नहर, नाले, तालाब आदि में न जाएं, अपने स्वजनों को भी जानें से रोकें। बच्चों को पुलिया, ऊंचे टीलों से पानी में कूदकर स्नान करने से रोकें। अति आवश्यक हो तो ही पानी में उतरें और गहराई का ध्यान रखें। भली प्रकार तैरना जानते हों तभी पानी में उतरें या स्नान करें। कोशिश करें किसी नदी या जलराशि मे सामूहिक स्नान करने जाते समय 10-15 मीटर रस्सी या धोती/साड़ी अवश्य रखें।

### लिखी चेतावनी की अवहेलना न करें

नदियों नहरों जलाशयों या अन्य जल निकायों के पास लिखी चेतावनी की अवहेलना न करें। छोटे बच्चों को घाटों जल निकाय के समीप न जाने दें। किसी के उकसावे मे आकर पानी में छलांग न लगायें। नदियों या अन्य जल निकायों के घाटों पर रीति रिवाजों, संस्कारों का निर्वहन करते समय सावधानी बरतें। तैरते या पानी मे स्नान करते समय स्टंट न करें या सेल्फी आदि न लें, ऐसा करना जानलेवा हो सकता है।

# सांकेतिक हड़तालः खाद-बीज के व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें

बहराइच (पयागपुर)

**अमृत विचार।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों ने एक दिवसीय देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल रखी गयी थी जिसमें व्यापारियों की इस एकजुटता का व्यापक असर देखने को मिला, जिससे कृषि क्षेत्र से जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियाँ पूरी तरह ठप रहीं ।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, यह हड़ताल मुख्य रूप से प्रशासन और कंपनियों की मनमानी नीतियों के खिलाफ बुलाई गई थी। व्यापारियों की प्रमुख मांगो खाद के साथ जबरन अन्य गैर-जरूरी उत्पाद (टैगिंग) लगाने की प्रक्रिया को तत्काल बंद किया जाए तथा भविष्य में आने वाला 'बीज का साथी पोर्टल' केवल कंपनियों तक ही सीमित रखा जाए, ताकि निचले स्तर पर बीज और खाद की उपलब्धता में किसानों को परेशानी न हो एवं डीलर मार्जिन को 8% करने और सैंपल फेल होने पर केवल कंपनियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। हड़ताल के चलते भूपगंज बाजार, कोट बाजार और पयागपुर बस स्टॉप सहित ग्रामीण अंचलों की सभी दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। व्यापारियों ने कहा-जब व्यापारी मजबूत होगा, तभी किसान समृद्ध होगा।



भूपगंज में बंद खाद की दुकानें।

## दवा के साथ क्षय रोगियों के पोषण की भी जिम्मेदारी हमारी: दद्दन मिश्र

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर इंडियन रेडक्रास सोसायटी क्षय रोगियों को पोषण पोटलियों का वितरण कर रही है। इसी के क्रम में सोमवार को रेडक्रास के पैटर्न सदस्य व अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र ने सीएचसी सिरसिया में 100 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि रेडक्रास के चेयरमैन व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री की प्रेरणा से रेडक्रास ने जिले के सभी क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करने का संकल्प लिया है। इसी के क्रम मे अब तक 500 पोषण पोटलियां वितरित की जा चुकी हैं। हम लगातार अपने क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य की चिंता करते रहेंगे। क्षय रोगियों को सरकार दवा उपलब्ध करा रही है और रेडक्रास जनभागीदारी से पोषण पोटलियां उपलब्ध करा रहा है, ताकि जल्द जिला टीवी मुक्त हो सके। कार्यक्रम संयोजक व रेडक्रास सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि क्षय रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराना रेडक्रास के वार्षिक एजेंडे में है। इस मौके पर डॉ संत कुमार, डॉ प्रवीण कुमार भैया, अधीक्षक डॉ प्रवीण कुमार, डीपीसी रवि कुमार मिश्र, शाहिद खान, अरविन्द बाछिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिलाओं ने निकाली जन आक्रोश पदयात्रा




पदयात्रा में शामिल विधायक सुभाष त्रिपाठी व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह।

**पयागपुर (बहराइच), अमृतविचार।** सोमवार को विधानसभा पयागपुर के हुजूरपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में जुटी महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नारी वंदन अधिनियम को रोकने का आरोप लगाया पदयात्रा का शुभारंभ विकास खंड मुख्यालय से हुआ। हाथों में तख्तियां और झंडे लिए महिलाओं का हुजूम हुजूरपुर चौराहे तक पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विपक्षी दलों की नीतियों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पदयात्रा के बाद विकास खंड सभागार में एक जनसभा का आयोजन किया गया, जिसे मुख्य अतिथि पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने संबोधित किया। विधायक ने संबोधन में सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए लाया गया नारी वंदन अधिनियम देश के विकास के लिए मील का पत्थर है, लेकिन कांग्रेस और सपा ने संसद में इसका विरोध कर महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। कहा कि देश की आधी आबादी इन दलों को कभी माफ नहीं करेगी और आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह, जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. महेंद्र पाठक, निशंक त्रिपाठी (विधानसभा संयोजक), सत्य प्रकाश सिंह और जिला संयोजक किसान मोर्चा ,मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह रैकवार, महामंत्री सुधीर निषाद, कार्यक्रम संयोजक फूलमती देवी, मंडल उपाध्यक्ष पंचानन सिंह, कुसुम देवी, शोभावती देवी, रूपा सिंह, मिथिलेश सिंह, कुसुम सिंह, आशा देवी, पुष्पा देवी, अर्चना, किरण मिश्रा, सुशीला देवी, विमला देवी, संजू सिंह, रेनू पाल और आरती देवी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

**आयोजन**

नारी आक्रोश सम्मेलन को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने संबोधित किया

# विपक्षी दलों ने महिलाओं के अधिकार का बिल गिरने पर मनाई खुशी : अपर्णा

संवाददाता, बदला चौराहा (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** संसद के विशेष सत्र में महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले बिल के गिरने बाद कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों के विरोध में महिलाएं विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी के क्रम में सोमवार को सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान तुलसीपुर में नारी आक्रोश सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मौजूद रहीं।

जन आक्रोश सम्मेलन में राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष ने कहाकि यह केवल बिल नहीं, बल्कि महिलाओं के पंचायत से पार्लियामेंट तक पहुंचने का दरवाजा था। जिसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने बंद कर दिया। विपक्ष को महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं चाहिए। यह वही लोग हैं, जो मंच पर महिलाओं के लिए बड़ी बडी बातें करते हैं, लेकिन इनकी सोच है कि महिलाएं सिर्फ भीड़ का हिस्सा रहें। वह तालियां बजाएं लेकिन नेतृत्व न करें। नारी सब भूल सकती है लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने महिलाओं के अधिकार का बिल गिरने पर खुशियां मनाईं। श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने कहाकि मोदी सरकार चाहती थी कि हमारी बहनों को राजनीतिक क्षेत्र में उनका सही स्थान और नेतृत्व मिले, लेकिन राहुल गांधी व विपक्षी दलों ने बहनों का साथ न देकर बिल के विरोध में वोटिंग की। जिलाध्यक्ष ने कहाकि मातृशक्ति यह कभी नहीं भूलेंगी कि जब देश की सबसे बड़ी पंचायत में हमारे अधिकार व नेतृत्व की बात हो रही थी तो कांग्रेस व विपक्षी दलों ने अपना महिला विरोधी चेहरा दिखाते हुए उसका विरोध किया था। सम्मेलन का संचालन माधुरी सिंह त्रिपाठी ने किया। इस दौरान डॉ प्रतिमा वर्मा, काजल रिजवानी, अर्चना वाजपेयी, पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, सत्यव्रत सिंह, सुनील निषाद, मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, हरिओम तिवारी, जीवनलाल वर्मा, रवि चौधरी सहित जिले के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व काफी संख्या में मातृशक्ति व छात्राएं मौजूद रही।




महिलाओं को संबोधित करतीं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, साथ में मौजूद विधायक व अन्य लोग। अमृत विचार

## बंगाल में भाजपा के पक्ष में आएगा सकारात्मक परिणाम : अपर्णा यादव

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा आज एक दिवसीय दौरे पर जनपद बहराइच पहुंची इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज में आयोजित कन्या जन्मोत्सव में भाग लेते हुए महिलाओं व बेटियों के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस बार बंगाल में भाजपा के पक्ष में सकारात्मक परिणाम आएंगे ओर वहां की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी एकजुट नहीं रहा है । ये लोग सिर्फ सत्ता के भूखे है इसी वजह से हर जगह हार रहे हैं। वही सपा प्रमुख अखिलेश यादव की ओर पुतला जलाने के दौरान झुलसी सदर विधायक अनुपमा जायसवाल पर तंज कसने के सवाल पर उन्होंने कहा कि विधायक का झुलसना दुखद घटना है। राजनीति अपनी जगह है लेकिन ऐसे मामलों पर सभी को संवेदनशील रहना चाहिए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय खत्री , सी एम एस एन एन त्रिपाठी अस्पताल के मैनेजर रिजवान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

